तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 4 जून 2025

### राजधानी में स्थगित हुई थी काउंसिलिंग

रायपुर में प्राथमिक कक्षा में 283, माध्यमिक कक्षा में 245 तथा हाईस्कूल-हायरसेकंडरी में 101 शिक्षक अतिशेष हैं। इस तरह से राजधानी के 629 शिक्षकों को आज नए स्थान पर नियुक्त किया जाएगा। रायपुर में काउंसिलिंग पूर्व में सोमवार से प्रारंभ होनी थी, जिसे रविवार को आदेश जारी कर स्थगित किया गया था। मंगलवार को आदेश जारी कर बुधवार सुबह 10 बजे से काउंसिलिंग शुरू होने की सूचना जिला शिक्षा अधिकारियों को दी गई है। काउंसिलिंग पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में रखी गई है।

**लगेगी हाजिरी**

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, डीपीआई के पास जिन जिलों की रिपोर्ट 4 जून के बाद आएगी, उनकी सूची सीएम को भेजी जाएगी। उक्त जिले के कलेक्टर को जाकर इसका कारण बताना होगा। यही कारण है कि मंगलवार रात तक जागते हुए भी कई जिलों के कलेक्टर ने युक्तियुक्तकरण संबंधित कार्य जारी रखा। सूत्रों के अनुसार, राजधानी में उन शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गई है, जो दशकों से पद ना होने के बाद भी स्कूलों में जमे हुए हैं। इन्हें आज उपस्थित होना होगा। रायपुर जिले के अन्य हिस्सों की तुलना में शहर में अतिरिक्त शिक्षकों की संख्या अधिक है।

## रतजगा... बिलासपुर में तड़के 3 बजे से काउंसिलिंग, राजधानी में प्राइमरी के 283, मीडिल के 245 व हाईस्कूल-हायर सेकंडरी के 101 शिक्षक 'एक्सट्रा'

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शालाओं के युक्तियुक्तकरण तथा अतिशेष शिक्षकों को हटाए जाने की प्रक्रिया बुधवार रात 12 बजे तक किसी भी स्थिति में प्रदेश के सभी जिलों को पूर्ण करनी है। ऐसा नहीं किए जाने की स्थिति में लोक शिक्षण संचालनलाय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। समय की कमी को देखते हुए कई जिलों के कलेक्टर द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय से समय-सीमा बढ़ाने की मांग की गई थी, लेकिन डीपीआई द्वारा इससे इनकार कर दिया गया। प्रदेश में मुंगेली जिले के अलावा अन्य किसी भी जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई है।

मुंगेली जिले में 270 शिक्षकों को पोस्टिंग दे दी गई है। अन्य जिलों में अब तक काउंसिलिंग ही नहीं हो पाई है। हालातों को देखते हुए अधिकतर जिलों के कलेक्टर रतजगा करते रहे। उनके द्वारा अतिशेष शिक्षकों की सूची सहित अन्य जांच कार्य भी किए जाते रहे, ताकि किसी भी स्थिति में कोई गड़बड़ी नहीं हो सके। दूसरी ओर बिलासपुर जिला शिक्षा कार्यालय ने बुधवार तड़के 3 बजे से काउंसिलिंग शुरू कर दी है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि रात 12 बजे तक प्रत्येक स्थिति में रिपोर्ट डीपीआई को सौंपी जा सके।

- आज होगी काउंसिलिंग, देर रात तक डीपीआई को भेजी जाएगी रिपोर्ट
- हटाए जाएंगे स्कूलों में दशकों से पदस्थ अतिरिक्त शिक्षक, रायपुर में सुबह 10 बजे से काउंसिलिंग
- कलेक्टर का निवेदन बेसअर, लोक शिक्षण संचालनालय ने तिथि बढ़ाने से किया इंकार



**खबर संक्षेप**

### चाकू लेकर लोगों को डराते दो गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर चाकू लहराकर लोगों को आतंकित करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी रवि कुमार साहू 20 वर्ष निवासी रामेश्वर नगर को गंगा नगर भनपुरी तालाब के पास गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया है, वहीं दूसरा आरोपी पारस साहू 26 वर्ष निवासी हनुमान मंदिर के पास भनपुरी को हनुमान मंदिर के पास धनलक्ष्मी नगर से गिरफ्तार किया है। पारस भी चाकू को हवा में लहराकर लोगों को आतंकित कर रहा था। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### वाहन-मोबाइल चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा पुलिस ने दोपहिया वाहन एवं मोबाइल चोरी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी समीर ध्रुव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम छपोरा में वह मजदूरी का कार्य करता है। वह 6 मई को अपने छोटे भाई के साथ दोपहिया वाहन मांढर शराब दुकान के पास करीब शाम 7.30 बजे पहुंचा था। रास्ते में सामने से आ रहे दोपहिया वाहन से टकरा जाने पर विवाद होने पर वाहन को वहीं छोड़कर भाग गए। वाहन में एक मोबाइल भी था। कुछ देर बाद जब वह लौटा तो वाहन को गायब पाया। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए धरसींवा निवासी तापेश्वर कुमार यादव उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का वाहन और मोबाइल बरामद किया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ गिरफ्तार

**रायपुर।** नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 31 मई की है। पीड़िता ने थाने में शिकायत की थी कि आरोपी हिमालय नायक 30 वर्ष निवासी राजीव आवास थाना गोलबाजार घटना के दिन उसके घर के नीचे से पीछा करते हुए डीकेएस अस्पताल पार्किंग तक आया था। इस दौरान उसने अश्लील इशारे करते हुए उसे परेशान किया।

दुकान के दोनों ओर शटर खोलने के पर्याप्त दस्तावेज नहीं दे पाये

## पंडरी कपड़ा मार्केट की 19 दुकानें सील भड़के व्यापारी, गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को पंडरी कपड़ा मार्केट में बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 दुकानों को सील कर दिया। सड़क की तरफ नियम विपरीत दुकानों के शटर खोलते हुए कारोबार करने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। मुख्यालय उड़नदस्ता और जोन 2 की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में यह एक्शन लिया है। निगम की इस कार्रवाई से भड़के व्यापारियों ने गेट पर ताला जड़ दिया। पंडरी थोक कपड़ा व्यापारी संघ के प्रबंध संचालक चंदर विधानी का कहना है, संबंधित व्यापारी नगर निगम में नियमितीकरण का आवेदन कर निर्धारित शुल्क जमा कर चुके हैं। निगम की यह कार्रवाई गलत है, ⏭ शेष पेज 11 पर

- महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निवेश और जोन 2 की टीम ने लिया एक्शन

**सड़क पर गाड़ी पार्क होने से रोज लगता था ट्रैफिक जाम**

**2 बार हो चुकी सील**

2015 में महापौर बनने के बाद प्रमोद दुबे ने पंडरी कपड़ा मार्केट में सड़क की तरफ नियम विपरीत दुकानों को शटर खोलकर कारोबार करने वालों की दुकानें सील करवाई थी। फिर कारोबारियों ने राजनीतिक रसूख का फायदा उठाते हुए दुकानें ⏭ शेष पेज 11 पर



**व्यापारियों के साथ नाइंसाफी है**

नगर निगम द्वारा 19 दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई गलत है। दुकानदार नगर निगम में इसके लिए नियमितीकरण का आवेदन देकर निर्धारित शुल्क जमा कर चुके हैं। यह व्यापारियों के साथ नाइंसाफी है। हमने क्षेत्र के विधायक को भी अपनी समस्या से अवगत कराया है, उन्होंने आश्वस्त किया है, व्यापारियों के साथ बैठक कर समस्या का समाधान करायेंगे।

- **चंदर विधानी,** प्रबंध संचालक, थोक कपड़ा मार्केट पंडरी

**समस्या का समाधान निकालेंगे**

ट्रैफिक जाम न हो, इस समस्या का व्यापारियों के साथ बैठकर समाधान निकालेंगे। जनहित और व्यापारियों के हित में उचित कदम उठाया जायेगा।


- **पुरंदर मिश्रा,** विधायक रायपुर उत्तर विधान सभा

### चैंबर का विरोध, निगम अधिकारियों के साथ बैठक आज



पंडरी कपड़ा मार्केट में रायपुर नगर निगम द्वारा ट्रैफिक जाम का हवाला देकर दुकानों को सील किये जाने की कार्रवाई का छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स ने विरोध जताया है। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि पंडरी कपड़ा मार्केट में नगर निगम द्वारा दुकानों को सील किये जाने की कार्रवाई निंदनीय है। लंबे समय से व्यापारी साथी वहां व्यापार कर रहे हैं। इस तरह की कार्रवाई से उनके व्यापार पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। छत्तीगसढ़ चैंबर ऑफ कामर्स पूरी ताकत के साथ व्यापारी साथियों के साथ खड़ा है। रायपुर होलसेल होजियरी एंड रेडिमेड डीलर्स एसोसियेशन और थोक कपड़ा व्यापारी संघ ने निगम की कार्रवाई का विरोध ⏭ शेष पेज 11 पर

## म्यूल बैंक खाता साइबर ठगी मामले में बड़ी कार्रवाई संचालक समेत 8 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत म्यूल बैंक खाता साइबर ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई कर 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को रायपुर, धमतरी के साथ ओड़िशा से गिरफ्तार किया गया है। इनमें से कुछ आरोपियों के खिलाफ पहले से ही एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट समेत अन्य अपराधों में कई केस दर्ज हैं। जिन आरोपियों को पकड़ा गया है, उनमें म्यूल बैंक खाता धारक, संवर्धक, ⏭ शेष पेज 11 पर

**रविराज के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस-आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रविराज के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

**एक हत्या नशे में टकराने पर और दूसरी नशे के कारोबार को वर्चस्व को लेकर**

## 24 घंटे के अंदर नशे में हो गई दो हत्याएं

नशेड़ियों के कारण शहर में मारपीट, चाकूबाजी और हत्या जैसी घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। सोमवार रात से मंगलवार रात तक शहर में हत्या की दो घटनाएं हो गईं। एक हत्या नशेड़ी से टकराने पर और दूसरी नशे के कारोबार में वर्चस्व को लेकर हुई है।

### संकरी गली में टकराया तो नशेड़ी ने युवक को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा इलाके में सोमवार की देर रात को मामूली बात पर मर्डर हो गया।



ज्वेलर्स दुकान में गहनों की कारीगरी करने वाला एक युवक रात करीब 12 बजे काम खत्म करने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान हनुमान मंदिर वाली गली में जाते समय वह नशे में घूम रहे एक युवक से टकरा गया। इस बात पर आरोपी ने उसके साथ पहले विवाद किया और फिर चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर फरार हो गया। ⏭ शेष पेज 11 पर

**सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की हुई पहचान**

इधर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को पकड़ने के लिए घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इस कैमरे में एक व्यक्ति की पहचान कर उस तक पहुंची। आरोपी का नाम दीपक लोहार उर्फ गप्पू 22 वर्ष गोबरा नवापारा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी भी अपराधिक प्रवृत्ति का है। गोबरानवापारा थाना ⏭ शेष पेज 11 पर

### काशीरामनगर में मर्डर नाबालिग ने चाकू गोदकर कर दी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के काशीराम नगर में मंगलवार शाम करीब 6 बजे दिनदहाड़े एक नाबालिग लड़के ने एक युवक पर चाकू से दो-तीन वार कर उसकी हत्या कर दी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि हत्या का कारण दोनों के बीच मोहल्ले में सूखा नशा के कारोबार का वर्चस्व बनाने को लेकर हुआ विवाद है। तेलीबांधा थाना के सीएसपी ने बताया कि शाम करीब 6 बजे काशीराम नगर में मृतक रोहन तांडेकर का मोहल्ले में रहने वाले एक नाबालिग लड़के के साथ विवाद हो गया। इस विवाद के बढ़ते नाबालिग ने चाकू निकालकर रोहन पर दो से तीन वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। इधर इस घटना के बाद मोहल्ले वालों ने घायल रोहन को मेकाहारा पहुंचाया, लेकिन डाक्टरों ने ⏭ शेष पेज 11 पर

**स्मार्ट पोल अब स्ट्रीट लाइट तक सीमित**

## खंभों से पैनिक बटन गायब, स्मार्ट पोल में 40 मिनट तक वाई-फाई की भी नहीं मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के कई चौराहों पर लगाए गए स्मार्ट पोल अब सिर्फ स्ट्रीट लाइट की भूमिका निभा रहे हैं। इनमें जो सुविधाएं जैसे पैनिक बटन, वाई-फाई और प्रदूषण मापने वाले सेंसर उपलब्ध थे, वे अब काम नहीं कर रहे। हरिभूमि की पड़ताल में शहर के 20 से अधिक इलाकों में किसी भी स्मार्ट पोल में न तो पैनिक बटन सक्रिय मिला और न ही वाई-फाई चालू था। वहीं, प्रदूषण स्तर बताने वाले सेंसर भी बंद मिले। गौरतलब है कि ट्रैफिक विभाग ने इन पोल को इमरजेंसी सेवा नंबर 112 से जोड़ने का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन मौजूदा स्थिति यह है कि अधिकतर खंभों से पैनिक बटन ही गायब हो गए हैं।



**दर्जनों पोल से पैनिक बटन गायब**

कई चौराहों पर लगे स्मार्ट पोल से पैनिक बटन नदारद हैं। इंडोर स्टेडियम, शंकर नगर, मोतीबाग सहित अन्य इलाकों में या तो बटन दिखे ही नहीं या फिर लगे होने के बावजूद काम नहीं कर रहे थे। कुछ पोल में सिस्टम पूरी तरह बंद मिला। जानकारी के अनुसार, पैनिक बटन का दुरुपयोग बढ़ने के कारण पुलिस विभाग इसे लेकर पहले ही परेशान था। इसे इमरजेंसी नंबर 112 से जोड़ने की योजना बनी थी, लेकिन तब तक कई बटन या तो खराब हो चुके थे या हटा दिए गए।

**वाई-फाई नाम दिखा, लेकिन कनेक्ट नहीं हुआ**

इंडोर स्टेडियम गेट के भीतर लगे स्मार्ट पोल में वाई-फाई कनेक्शन पूरी तरह बंद मिला। मोबाइल पर 'मोर रायपुर' नेटवर्क का नाम तो जरूर दिखा, लेकिन उसे कनेक्ट करने की कई कोशिशों के बाद भी नेटवर्क नहीं जुड़ा। तकनीकी दिक्कत के कारण कनेक्शन संभव नहीं हो सका।

***शहर में यहां लगे हैं स्मार्ट पोल***

*रेलवे स्टेशन, बूढ़ातालाब गार्डन, मेकाहारा, तेलीबांधा तालाब, अशोका टावर शंकर नगर, शहीद स्मारक भवन, गांधी उद्यान, अनुपम गार्डन, सेंट्रल लाइब्रेरी, साक्षरता चौक, इंडोर स्टेडियम, राम मंदिर, पंडरी बस स्टैंड, पुलिस परेड ग्राउंड, एम्स गेट नंबर-2, पचपेड़ीनाका, विधानसभा, जोरा कृषि कॉलेज, रावणभांठा आइएसबीटी और वीआइपी रोड चौक के पास।*



# तीन माह का चावल मिलने से हितग्राही खुश
# ले जाने का खर्च बढ़ा, 100-150 लग रहा भाड़ा

**केस 1**

संतोषीनगर निवासी प्रीतिका बंजारे ने बताया कि तीन महीने का चावल ले जाने के लिए 100 रुपए भाड़ा में ऑटो रिक्शा कराया है।अब उसे तीन महीने तक बार-बार दुकान आने की जरूरत नहीं पड़ेगी, लेकिन नई मशीन में फिंगर स्कैन बार-बार फेल होने से जरूर परेशानी हुई है। दो घंटे के बाद नंबर आने के बाद राशन मिलने में 20 मिनट से ज्यादा समय लग गया।



हरिभूमि लाईव रिपोर्ट



**केस 3**

मठपुरैना निवासी तीरथ सिन्हा ने बताया कि बारिश में तीन माह का चावल की सुविधा अच्छी है, क्योंकि बारिश में राशन ले जाने में बहुत परेशानी होती है।

**केस 2**

टिकरापारा निवासी सुकुन बाई यादव ने बताया कि बारिश की सीजन में तीन माह का चावल मिलनी की सुविधा से वह संतुष्ट है, क्योंकि बारिश के दिनों में राशन ले जाने में बहुत परेशानी होती है। चावल ले जाने के लिए 150 रुपए भाड़ा में ई-रिक्शा कराया है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार जून से राशन वितरण को चावल उत्सव के रूप में मना रहा है। इसके तहत उचित मूल्य की दुकानों में तीन माह का चावल एक साथ कार्ड धारकों को वितरण किया जा रहा है। उचित मूल्य की दुकानों में तीन माह का एक साथ चावल मिलने से हितग्राहियों की दृष्टि से सुविधाजनक है या फिर परेशानी का सबब बन रहा है, यह जानने के लिए हरिभूमि की टीम ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के कई राशन दुकानों की लाइव पड़ताल की। इस दौरान हितग्राहियों को तीन माह का एक साथ चावल को दुकान से घर ले जाने के लिए ऑटो रिक्शा, ई- रिक्शा सहित अन्य माल वाहक वाहन किराये पर लेना पड़ रहा है, जिसके लिए 100 से 150 रुपए तक किराया लग रहा है। टीम ने इस दौरान कई हितग्राहियों से भी बातचीत की। उनका कहना है कि चावल ले जाने के लिए पैसे जरूर खर्च करने पड़ रहे हैं, लेकिन बारिश के दिनों में राशन ले जाने में बहुत परेशानी होती है।

## स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेस का शिक्षा न्याय आंदोलन

5 जून से 10 जुलाई तक कई चरण में चलेगा आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10463 स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने घोषणा की, चार चरणों में आंदोलन होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नये सेटअप के नाम पर किये जा रहे युक्तियुक्तकरण से 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिये जायेंगे, जिससे प्रदेश में लगभग 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। शिक्षकों के साथ-साथ स्कूल में कार्यरत रसोईयों, भृत्य, स्वीपर महिला समूहों के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा व रोजगार के रास्ते बंद हो जायेंगे। राज्य के इस रोजगार विरोधी नीति के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी द्वारा "शिक्षा न्याय" आंदोलन किया जा रहा है।

### चार चरणों में होगा आंदोलन

पहले चरण में 5, 6 एवं 7 जून को जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता आयोजित होगी, जिसमें वरिष्ठ नेता मीडिया के माध्यम से इसका विरोध करेंगे। दूसरे चरण में 9, 10 एवं 11 जून को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### पीएम श्री अवंती विद्यालय में समर कैंप का हुआ समापन

**आरंग।** पीएमश्री शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी प्राथमिक विद्यालय में 26 मई से चल रहे सात दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अभिवादन, अक्षर ज्ञान, संख्या ज्ञान, वर्चुअल शहर भ्रमण, स्थानीय भाषा, भूगोल ज्ञान, स्थानीय व्यंजन आदि के बारे में सिखाया गया। ज्ञात हो कि इसके पहले 10 दिवसीय 15 मई से शुरू समर कैंप में पुष्प कला, क्ले आर्ट, खिलौना निर्माण, मुखौटा निर्माण, अंग्रेजी ज्ञान, भाषा ज्ञान, खेल खेल में शिक्षा आदि पर फोकस किया गया था। समापन अवसर पर पार्षद उमाकांत यादव, पूर्व पार्षद सूरज लोधी, शाला विकास समिति अध्यक्ष अरविंद लोधी, संजय पाल, पालकगण ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत आर्ट, क्राफ्ट, चित्रकला आदि का अवलोकन कर उत्साह वर्धन करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इन गतिविधियों में प्रधान पाठक अनुसुइया साहू, लोमेश्वरी चंद्राकर, ऋषि पटेल, पूर्णिमा साहू आदि की सहभागिता रही।

### सीजीबीएसई 10वीं में यामिनी ने 92.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**चंदखुरी।** रायपुर जिले की यामिनी साहू ने सीजीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 92.16 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार, गांव एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कोरासी की इस मेधावी छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन से यह शानदार उपलब्धि हासिल की। यामिनी स्कूल में कोरासी में सबसे ज्यादा प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होने वाली छात्र है। यामिनी, रायपुर जिले के आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोरासी निवासी किसान विद्याचरण साहू एवं गायत्री साहू की बेटी हैं और उनकी इस सफलता ने पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।



### धर्मेंद्र वर्मा बने किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री

**तरपोंगी।** किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने सड्डू निवासी धर्मेंद्र वर्मा को प्रदेश किसान कांग्रेस का महामंत्री पद पर नियुक्ति दी है। इस नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इसके पूर्व किसान कांग्रेस के रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष व प्रदेश सचिव के पद पर रह चुके हैं।



### भू-अर्जन में अनियमितता तिवारी निलंबित

**रायपुर।** राज्य शासन ने भू-अर्जन अधिकारी कोटा, जिला बिलासपुर आनंदरूप तिवारी को निलंबित कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उनके विरुद्ध भू-अर्जन की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं।

## निधन

### मोतीराम साहू

**आरंग।** सोमवार को ग्राम चरौदा निवासी 67 वर्षीय मोतीराम साहू का निधन हो गया। वह जिला मानस संघ रायपुर के महासचिव थे। उनके अंतिम संस्कार मे बड़ी संख्या में ग्रामीण व जिला मानस संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। वे पोयम शरण साहू और मनोज कुमार साहू के पिता थे।



### सन्नी यादव

**आरंग।** नगर पंचायत समोदा निवासी सन्नी यादव (29 वर्ष) का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगरवासी शामिल हुए। वे दिलीप कुमार के पुत्र, आभा के पति एवं पुलकित यादव के पिता थे।



## डीएपी की जगह एसएसपी और यूरिया उपयोग की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अभनपुर



सहकारी समिति अभनपुर के प्रागंण मे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संगोष्ठी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे कृषि विभाग अभनपुर व कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर के द्वारा डीएपी उर्वरक के स्थान पर एसएसपी व आधा बोरी यूरिया डालने की सलाह दी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री कृषक आय संरक्षक अभियान के तहत 10 वर्ष के अंदर धान की किस्मे एवं पौधा संरक्षक के बारे मे विस्तार से बताया गया। इसी तरह पशुधन विभाग द्वारा प्रचलित शासकीय योजनाओ, उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी, फल उन्नत खेती व योजनाये एवं मत्स्य पालन विभाग योजनाओं को विस्तार से बताया गया। उक्त कार्यक्रम मे सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी प्रदीप शर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. गौतम राय, डॉ. चन्द्रभान साहू, कृषि विभाग के अधिकारी शर्मा, बीना घोड़ेश्वर, नीता भीमो, पशुधन विभाग से डॉ. रोशनी, डॉ. गिलहरे, मत्स्य विभाग से विवेक हरदेव, उद्यानिकी विभाग से अभिलाषा साहू, समिति प्रबंधक खोपूराम साहू, लेखराज देवांगन, डोमन यादव कृषक विजय कुमार, साहेब दास, खुशवंत सिन्हा, लखन सिन्हा आदि बड़ी संख्या मे कृषक उपस्थित रहे।

## सीएम साय ने सुनी जनभावना ग्राम भैसा में बनेगा स्वास्थ्य केंद्र

**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर शिविर आयोजित कर समस्या का समाधान त्वरित कर रही है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार का शिविर आरंग विकासखंड के भैसा में आयोजित हुआ। जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व विधायक खुशवंत साहेब शामिल हुए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्र में लंबे समय से अस्पताल की मांग किया जा रहा था, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा की, जिससे जनता के बीच खुशी की लहर दौड़ पड़ी। ज्ञात हो कि भैसा सेक्टर के अंतर्गत 21 गांव और 6 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर आते है, जहां पर 37500 की जनसंख्या है। क्षेत्र में अस्पताल बनने से लोगो को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नही जाना पड़ेगा। इस अवसर पर रायपुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी,आरंग बीएमओ डॉ. विजयलक्ष्मी अंनत एवं सेक्टर भैसा के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 25 साल से राह देख रहे निरीक्षकों की होगी पदोन्नति, 55 बनेंगे डीएसपी

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से पुलिस विभाग के अंतर्गत कार्यरत निरीक्षक संवर्ग के वर्ष 1999 और 2000 बैच के निरीक्षक को उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पदोन्नति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि निरीक्षक संवर्ग के इन अधिकारियों ने लंबे समय से पदोन्नति की मांग की थी। विभाग में मात्र 17 रिक्त पदों के कारण यह प्रक्रिया अटकी हुई थी। ऐसे में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर अपनी समस्या बताई।

## शिक्षकों की बैठक, नए सत्र के लिए बनी कार्य योजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶। आरंग

मंगलवार को श्री गणेश राम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे शिक्षा सत्र का शुभारम्भ से पहले शिक्षको का बैठक रखा गया। बैठक का शुभारंभ विद्यालय परिसर में विराजित मां सरस्वती, गुल्लु माता, भारत माता तथा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा आराधना से किया गया। बैठक में शालेय प्रबंधन व विकास, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए कार्ययोजना बनाने, नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने आदि विषयों पर चर्चा परिचर्चा विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष गैन्दराम साहू, उपाध्यक्ष देवीदयाल यादव, सचिव गणेश राम साहू, सलाहकार रेवाराम साहू, दिनेश साहू, सदस्य विष्णु साहू, ओ.पी. साहू, डी.डी. टंडन, एल.पी. बंजारे, पी.के. पटेल, वी.के. लोधी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिका कर्मचारी की उपस्थिति रही।

## शहीद स्मारक स्थल की मांग को लेकर पूर्व सैनिकों ने मंत्री वर्मा को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिकों ने आज विधायक कार्यालय तुलसी नेवरा में मंत्री टंक राम वर्मा से मुलाकात कर कुछ मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि तिल्दा खरोरा मार्ग पर साईं धाम चौक अग्रवाल होंडा के पास एक शहीद स्मारक स्थल बनाया जाए, भूतपूर्व सैनिकों ने कहा है कि ग्राम रजिया में सरकारी जमीन पर बेरोजगार युवक युवतियों के लिए प्रशिक्षण हेतु जगह है। जिसमें प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसे विधिवत प्रशिक्षण के लिए आबंटित किया जाए। इस अवसर पर मंगलवार को भूतपूर्व सैनिक अध्यक्ष जगदीश यादव, उपाध्यक्ष महेश वर्मा, रवि चौबे, कोषाध्यक्ष विजय पासी, सचिव गजेन्द्र नायक, युगल किशोर यादव, विजय शील, टेकराम वर्मा, हीरा लाल वर्मा, लखन लाल वर्मा, शत्रुध्न यादव, आशिफ अली, राजेंद्र कुमार, चंद्रशेखर वर्मा, अनिल वर्मा, रामकुमार साहू, राधेश्याम यादव आदि उपस्थित थे।





## कॉलेज में मूल्यांकन को लेकर छात्र-छात्राओं ने सौंपा ज्ञापन

**तिल्दा नेवरा।** कोहका नेवरा स्थित सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में बीएससी सेकंड ईयर के केमिस्ट्री विषय में 70 में से 55 छात्र-छात्राओं को सप्लीमेंट्री आई है। इस परिणाम से विद्यार्थियों में भारी निराशा और असंतोष देखा गया।

छात्रों ने बताया कि कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष के केमिस्ट्री विषय में कुल 70 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें से 55 को पूरक परीक्षा (सप्लीमेंट्री) आई है। इस परिणाम को अनुचित बताते हुए विद्यार्थियों ने मंगलवार को कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने मांग की है कि केमिस्ट्री विषय की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच करवाई जाए, ताकि सही मूल्यांकन हो सके और छात्रों को न्याय मिल सके। उनका कहना है कि इतने अधिक छात्रों का पूरक में आना दर्शाता है कि मूल्यांकन में त्रुटि हो सकती है। कॉलेज प्रबंधन ने ज्ञापन प्राप्त कर लिया है और मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। वहीं, छात्र आगामी दिनों में भी अपनी मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं।

## तिल्दा नेवरा के विकास को मिली रफ्तार करोड़ों की योजनाओं का हुआ भूमि पूजन



**तिल्दा नेवरा।** आज मंत्री टंक राम वर्मा तिल्दा के समीपस्थ ग्राम तुलसी नेवरा पहुंचे जहां पर गाजे बजे के साथ उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंत्री टंक राम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य की भाजपा सरकार निरंतर विकास कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि तिल्दा में लगभग 7:50 करोड़ रु. की लागत से इनडोर स्टेडियम बन रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि बजट में तिल्दा नेवरा बाईपास जुड़ गया है, बायपास बनेगा। तिल्दा नेवरा में डिवाइडर बनाने की बात भी उन्होंने कहीं।

साथ ही उन्होंने कहा कि तिल्दा नेवरा से लगा हुआ यह तुलसी गांव है, जहां पर करोड़ों रुपए के विकास कार्य किया जा चुका है और आज लगभग 1 करोड़ की लागत से बनने वाले गौरव पथ का भूमि पूजन किया जा रहा है, उन्होंने तुलसी बस्ती में एक सीसी सड़क निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर ग्राम तुलसी के सरपंच गुलाब टंडन द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता राम पंजवानी, पूर्व सरपंच वर्तमान पंच गुलाब यदु, पूर्व सरपंच अनुराधा वर्मा, जनपद सदस्य नरसिंह वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, सौरभ जैन, मनोज निषाद, बलि, सहित बड़ी संख्या में गांव के पंच गण ग्रामीण जन एवं गामान्य नागरिक, एसडीएम आशुतोष देवांगन, नायब तहसीलदार विपिन पटेल, सीईओ विवेक गोस्वामी उपस्थित थे।

## 5 जून को रायपुरा में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील
## खारुन नदी को प्रदूषण मुक्त करने पदयात्रा तीसरे दिन सांकरा पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिलयारी





सोमनाथ लखना से 1 जून को आरंभ खारुन नदी को प्रदूषण मुक्त करने, औद्योगिक ईकाइयों द्वारा बेतहाशा जल शोषण और नये औद्योगिक ईकाईयो को नदी जल ले जाने की शासन द्वारा अनुबंध कर अनुमति देने के विरोध मे पदयात्रा आज तीसरे दिन सिलतरा से सांकरा पहुची।

सांकरा में छत्तीसगढ महतारी की मूर्ति की आरती पश्चात जोड़ा जैतखाम मे नारियल चढ़ा कर पूजा अर्चना कर यात्रा के विषय मे जानकारी दी गई। महेन्द्रा चौक सिलतरा मे छत्तीसगढ़ ड्राइवर संघ द्वारा पदयात्रा का स्वागत कर पुलाव वितरण किया गया। सांकरा से पदयात्रा का मुरैठी गांव पहुचने पर सरपंच रुखमणी उमेश निषाद व पंचगणो के साथ ग्रामवासियो के द्वारा स्वागत पश्चात दुर्गा पंडाल रंगमंच मे नुकड सभा के माध्यम से पदयात्रा के उदेश्यों की जानकारी आमजनो को दिया गया। सभा को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष अमित बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार औद्योगिक घरानो को लाभ पहुंचाने छत्तीसगढियों के हितो को पूजीपतियो के पास गिरवी रख दिया है। हसदेव जंगल को अडानी को सौपने का कार्य, छत्तीसगढ की जमीनों को लगातार लूटने के बाद अब जल पर गिध्ददृष्टी है। सभा पश्चात सुंगेरा ग्राम के लोगों द्वारा इकठ्ठा कर लाये गये दुध का वितरण किया गया। मुरैठी से पदयात्रा सोन्डरा गांव पहुचा जहां घनाराम साहू व साथियों ने अगुवानी कर बाजार चौक मे नुक्कड़ सभा में सरपंच संतोष साहू व उपसरपंच सोहन पुरी गोस्वामी ने पदयात्रा के उदेश्यों व मांग का समर्थन किया। साथ ही दुख व्यक्त करते कहा कि आमजनता को जायज मांगो के लिये भरी गर्मी मे पैदल चलना पड रहा है ।5 जून के रायपुरा मे अधिक संख्या मे पहुचने की अपील किया। भोजन पश्चात पदयात्रा ग्राम बाना के लिए प्रस्थान किया।

## तिल्दा नेवरा में आज स्वास्थ्य शिविर

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा नगर वासियों एवं तिल्दा ग्रामीण क्षेत्र वासियों के लिए बुधवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़े बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य हेतु तथा बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने हेतु तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से दाई-बबा दिवस में स्वस्थ परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद व हड्डियों की जांच व मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण एवं वृद्धा अवस्था पोषण, आयुष आधारित परामर्श दिया जाएगा। साथ ही जिन बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। उनका आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा एवं आभा आईडी भी बनाया जाएगा।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर 16 तहसील-धरसींवा जिला रायपुर**

**सीमांकन सूचना**

दिनांक 01/06/2025

प्रति,
1. निर्मलाबाई पति महेश यादव ग्राम- मांढर,
2. प्यारीबाई वर्मा पति राजेन्द्र वर्मा ग्राम-मांढर

विषय- आवेदक/आवेदिका राजेन्द्र कुमार वर्मा पिता/पति भृगुराम वर्मा निवासी मांढर द्वारा आवेदित ग्राम मांढर प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. सारागांव स्थित भूमि खसरा नंबर 897/11 क्षेत्रफल 0.016 हेक्टेयर का सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।

संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र...... वा/तह./202 धरसींवा दिनांक 14/05/2025 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 06/06/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 10.00 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकनधारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नं. 22 के मांढर स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभावक/वैध अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

# अब किसी भी सरकारी जमीन पर लगाए जा सकेंगे उद्योग, पहले आओ, पहले पाओ नीति से मिलेगी भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में बदलाव किया गया है। अब ऐसी सरकारी जमीन जो लैण्ड बैंक एवं औद्योगिक क्षेत्र से भिन्न शासकीय भूमि, जो औद्योगिक प्रयोजन के लिए उपयुक्त है एवं जिसे लैण्ड बैंक या औद्योगिक क्षेत्र में शामिल करने के लिये कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है, वह जमीन उद्योग के लिए दी जा सकती है, लेकिन इसके लिए ऑनलाईन आवेदन करना होगा। यही नहीं, उद्योगों के लिए आरक्षित जमीन भी अब ऑनलाइन सिस्टम से पहले आओ पहले पाओ की नीति से दी जाएगी।राज्य सरकार ने यह बदलाव लागू करने के लिए 10 साल पुराने छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम में बदलाव किया है। ई-निविदा (ई-टेंडर) या ई-नीलामी (ई-ऑक्शन) के अतिरिक्त, किसी उद्यम के अधिपत्य की भूमि से जुड़ी शासकीय भूमि का, उस उद्यम के पक्ष में आबंटन अन्य विधियों, उपलब्धता एवं आवश्यकता को देखते हुए किया जा सकेगा। लैण्ड बैंक एवं औद्योगिक क्षेत्र से भिन्न शासकीय भूमि, जो औद्योगिक प्रयोजन हेतु उपयुक्त है एवं जिसे लैण्ड बैंक या औद्योगिक क्षेत्र में शामिल करने के लिये कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है, हेतु आवेदक ऑनलाइन पोर्टल पर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के साथ आवेदन कर सकेगा।

- औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने बदला 10 साल पुराना नियम
- आरक्षित जमीन का आवंटन अब होगा डिजिटल माध्यम से



## 30 दिनों में जमीन का चयन करना होगा

ऐसी जमीन के लिए आवेदन के साथ भूमि के खसरों का विवरण न होने की स्थिति में संचालक, आयुक्त उद्योग द्वारा आवेदक को भूमि के विकल्प उपलब्ध कराये जायेंगे, जिस पर उस दिनांक तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक को उन विकल्प में से विकल्प का चयन अधिकतम 30 दिवस में करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन निरस्त माना जाएगा। आवेदन के साथ भूमि के खसरों के विवरण होने की स्थिति में, संचालक, आयुक्त उद्योग द्वारा आवेदन का परीक्षण आवंटन के लिये ऑन-लाईन प्रक्रिया से आवेदन की दिनांक अनुसार पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

## जमा करनी होगी भूमि प्रब्याजी की 10 % राशि

सैद्धांतिक सहमति की स्थिति में आवेदक द्वारा भूमि प्रव्याजी का 10 प्रतिशत जमा करने के बाद उद्योग विभाग द्वारा आवंटन के लिए प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। उद्योग विभाग को जमीन आवंटन के बाद शेष राशि जमा करने पर भूमि आवेदक को इस नियम के अंतर्गत पट्टे पर प्रदाय की जाएगी। अगर आवंटन एक वर्ष के भीतर पूर्ण नहीं होता है तो यह प्रक्रिया स्वमेव निरस्त हो जाएगी एवं राशि बिना व्याज के वापस कर दी जाएगी।

## आरक्षित भूमि भी मिलेगी ऑनलाइन

छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम में अब यह संशोधन भी किया गया है कि विभाग,उद्योग संचालनालय,सीएसआईडीसी के अधीन विकसित एवं विकसित किये जाने वाले औद्योगिक क्षेत्र, नियंत्रित औद्योगिक क्षेत्रों, पार्कों, इनमें व्यवसायिक प्रयोजन की भूमि,क्षेत्र अथवा अन्य भूखंड, भूमि, शेड, प्रकोष्ठ का आबंटन डिजिटल प्लेटफोर्म पर ऑनलाईन ई-निविदा (ई-टेंडर) अथवा ई-नीलामी (ई-ऑक्शन) प्रक्रिया के माध्यम से के अनुसार की जायेगी। भूमि का आवंटन ऑनलाईन प्रक्रिया से पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। आवंटन हेतु आवेदक को ऑनलाईन निर्धारित प्रारूप में विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तथा आवेदन शुल्क एवं प्रस्तावित भूखण्ड के लिये अपेक्षित प्रव्याजि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा। जमा राशि पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा। लैण्ड बैंक की भूमि ऑनलाईन प्रदर्शित होने के 7 दिन बाद आवेदन ऑनलाईन प्राप्त किये जा सकेंगे। एक ही दिन में एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवंटन इसके लिए निर्धारित डिजिटल प्लेटफोर्म पर ऑनलाईन ई-निविदा (ई-टेंडर) अथवा ई-नीलामी (ई-ऑक्शन) प्रक्रिया के माध्यम से होगी।

## खबर संक्षेप

### आईआईएचटी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएचटी), चांपा में जुलाई से प्रारंभ होने वाले 'डिप्लोमा इन हैंडलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी' पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पाठ्यक्रम कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा ओडिसा के बरगढ़ स्थित संस्थान के सहयोग से संचालित किया जाएगा। आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र 10 जून की शाम तक स्पीड पोस्ट, ई-मेल या स्वयं उपस्थित होकर संस्थान में जमा कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री से प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंत्रालय में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा के महानिदेशक सुब्रत साहू ने बताया कि बैच के पांच अधिकारियों फड़तरे अनिकेत अशोक, अरविंद कुमारन टी., अक्षय डोसी, क्षितिज गुरभेले और विपिन दुबे को छत्तीसगढ़ कैडर मिला है। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा में इन अधिकारियों को 28 अप्रैल से 20 जून तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद इनकी पदस्थापना सहायक कलेक्टर के पद पर जशपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा और बस्तर जिलों में की जाएगी।

### भू-अर्जन में अनियमितता तिवारी निलंबित

**रायपुर।** राज्य शासन ने भू-अर्जन अधिकारी कोटा, जिला बिलासपुर आनंदरूप तिवारी को निलंबित कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उनके विरुद्ध भू-अर्जन की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं, जिसके कारण शासन को आर्थिक क्षति हुई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आनंदरूप तिवारी, जो वर्तमान में वरिष्ठ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बिलासपुर के पद पर कार्यरत हैं। ने चकरभाठा वितरण नहर निर्माण हेतु की गई भूमि अर्जन प्रक्रिया में शासन की अपेक्षित पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का पालन नहीं किया। निलंबन के दौरान उन्हें आयुक्त कार्यालय, बिलासपुर संभाग में अटैच किया गया है।

# तीन माह का चावल मिलने से हितग्राही खुश
# ले जाने का खर्च बढ़ा, 100-150 लग रहा भाड़ा

हरिभूमि लाईव रिपोर्ट

**केस 1**

संतोषीनगर निवासी प्रीतिका बंजारे ने बताया कि तीन महीने का चावल ले जाने के लिए 100 रुपए भाड़ा में ऑटो रिक्शा कराया है।अब उसे तीन महीने तक बार-बार दुकान आने की जरूरत नहीं पड़ेगी, लेकिन नई मशीन में फिंगर स्कैन बार-बार फेल होने से जरूर परेशानी हुई है। दो घंटे के बाद नंबर आने के बाद राशन मिलने में 20 मिनट से ज्यादा समय लग गया।





**केस 3**

मठपुरैना निवासी तीरथ सिन्हा ने बताया कि बारिश में तीन माह का चावल की सुविधा अच्छी है, क्योंकि बारिश में राशन ले जाने में बहुत परेशानी होती है।

**केस 2**

टिकरापारा निवासी सुकुन बाई यादव ने बताया कि बारिश की सीजन में तीन माह का चावल मिलनी की सुविधा से वह संतुष्ट है, क्योंकि बारिश के दिनों में राशन ले जाने में बहुत परेशानी होती है। चावल ले जाने के लिए 150 रुपए भाड़ा में ई-रिक्शा कराया है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार जून से राशन वितरण को चावल उत्सव के रूप में मना रहा है। इसके तहत उचित मूल्य की दुकानों में तीन माह का चावल एक साथ कार्ड धारकों को वितरण किया जा रहा है।

उचित मूल्य की दुकानों में तीन माह का एक साथ चावल मिलने से हितग्राहियों की दृष्टि से सुविधाजनक है या फिर परेशानी का सबब बन रहा है, यह जानने के लिए हरिभूमि की टीम ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के कई राशन दुकानों की लाइव पड़ताल की। इस दौरान हितग्राहियों को तीन माह का एक साथ चावल को दुकान से घर ले जाने के लिए ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा सहित अन्य माल वाहक वाहन किराये पर लेना पड़ रहा है, जिसके लिए 100 से 150 रुपए तक किराया लग रहा है। टीम ने इस दौरान कई हितग्राहियों से भी बातचीत की।

उनका कहना है कि चावल ले जाने के लिए पैसे जरूर खर्च करने पड़ रहे हैं, लेकिन बारिश के दिनों में राशन ले जाने में बहुत परेशानी होती है, इसलिए तीन माह का एक साथ चावल वितरण की सुविधा से वे बहुत खुश हैं।

### 3 माह का राशन लेने 6 बार करानी पड़ रही एंट्री और फिंगर स्कैन

एक माह का राशन लेने के लिए ईपॉस मशीन में कार्ड धारक की दो बार एंट्री और दो बार फिंगर स्कैन लिया जाता है। चावल उत्सव के तहत अब तीन माह का एक साथ चावल मिलने से प्रत्येक धारक की 6-6 बार मशीन में एंट्री और फिंगर स्कैन कराया जा रहा है। इस कारण दुकानों में भी हितग्राहियों की लंबी लाइन देखने को मिली।

### नई मशीन ने बढ़ाई परेशानी, एक कार्ड के पीछे 15-20 मिनट समय लग रहा

पड़ताल के दौरान पता चला कि सभी राशन दुकानों में अब नई ईपॉस मशीन से राशन वितरण किया जा रहा है। यह मशीन पिछली मशीन की साईज की तुलना में बहुत छोटी है, जिससे इसका स्क्रीन टच फंक्शन भी काफी छोटा है। इसके कारण इस मशीन में दुकान संचालकों को भी राशन वितरण करने के दौरान मशीन में एक कार्ड धारक के कार्ड की एंट्री करने तथा फिंगर स्कैन कराने में 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। कई दुकानों में नई मशीन का फिंगर स्कैन भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। इसके कारण उन दुकानों में और ज्यादा समय राशन वितरण में लग रहा है।

# स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेस का शिक्षा न्याय आंदोलन

5 जून से 10 जुलाई तक कई चरण में चलेगा आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10463 स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने घोषणा की, चार चरणों में आंदोलन होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नये सेटअप के नाम पर किये जा रहे युक्तियुक्तकरण से 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिये जायेंगे, जिससे प्रदेश में लगभग 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। शिक्षकों के साथ-साथ स्कूल में कार्यरत रसोईयों, भृत्य, स्वीपर महिला समूहों के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा व रोजगार के रास्ते बंद हो जायेंगे। राज्य के इस रोजगार विरोधी नीति के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी द्वारा "शिक्षा न्याय" आंदोलन किया जा रहा है।

## चार चरणों में होगा आंदोलन

पहले चरण में 5, 6 एवं 7 जून को जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता आयोजित होगी, जिसमें वरिष्ठ नेता मीडिया के माध्यम से इसका विरोध करेंगे। दूसरे चरण में 9, 10 एवं 11 जून को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय का घेराव किया जायेगा। तीसरा चरण 16 से 25 जून तक 3 से 5 किलोमीटर की जिला स्तरीय "शिक्षा न्याय यात्रा" निकालकर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का घेराव किया जायेगा। चौथा चरण 1 से 10 जुलाई तक प्रत्येक ब्लाक में 5 से 10 बंद स्कूलों में पालको, विधायकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

# 25 साल से राह देख रहे निरीक्षकों की होगी पदोन्नति, 55 बनेंगे डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से पुलिस विभाग के अंतर्गत कार्यरत निरीक्षक संवर्ग के वर्ष 1999 और 2000 बैच के निरीक्षक को उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पदोन्नति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि निरीक्षक संवर्ग के इन अधिकारियों ने लंबे समय से पदोन्नति की मांग की थी। विभाग में मात्र 17 रिक्त पदों के कारण यह प्रक्रिया अटकी हुई थी। ऐसे में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर अपनी समस्या बताई। उपमुख्यमंत्री ने उन्हें शीघ्र पदोन्नति का आश्वासन दिया, बल्कि पूरी प्रक्रिया को गति देने के लिए आवश्यक निर्देश भी तत्काल जारी किए। पदोन्नति की बाधा मुख्यतः रिक्त पदों की सीमित संख्या के कारण थी। इसे देखते हुए उन्होंने पुलिस विभाग में डीएसपी के पदों में संख्यायेत्तर वृद्धि का निर्णय लिया और प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजा। वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त होते ही पदोन्नति की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई, जो पूर्णता की ओर है। निर्णय के तहत अब कुल 55 निरीक्षक डीएसपी पद पर पदोन्नत हो गए हैं।



- उपमुख्यमंत्री शर्मा के प्रयासों से डीएसपी के सांख्येत्तर पदों में वृद्धि को वित्त से मिली स्वीकृति

## समय पर पदोन्नति और पारदर्शी व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध- शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, यह निर्णय केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह उन अधिकारियों के समर्पण, अनुशासन और वर्षों की सेवा के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन की सरकार में सभी विभागों में समय पर पदोन्नति और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि कर्मचारी वर्ग का मनोबल ऊँचा रहे और सेवा का स्तर उत्तरोत्तर बेहतर होता जाए। यह पदोन्नति ना केवल संबंधित अधिकारियों के व्यक्तिगत जीवन में एक उपलब्धि है, बल्कि यह प्रदेश की कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता को भी मजबूती प्रदान करेगी।

# छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प विकास की अपार संभावना : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां की कलाकृतियों की मांग विदेशों तक है। छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और हस्तशिल्पियों को उनके हुनर की उचित कीमत दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्पियों को औजार उपकरण योजना अंतर्गत पाँच पांच हजार रुपये की अनुदान राशि का वितरण किया।

- सीएम शामिल हुए बोर्ड अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में
- हस्तशिल्पियों को अनुदान राशि का किया वितरण



## साय ने कही ये बात

छत्तीसगढ़ के प्रत्येक इलाके में हस्तशिल्पी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। सुशासन तिहार के दौरान मुझे कोंडागांव के शिल्पग्राम जाने का मौका मिला। वहाँ मैंने शिल्पकारों से मुलाकात की और उनकी कला को करीब से देखा। इसी प्रकार रायगढ़ के एकताल में भी शिल्पकार धातु से कलाकृतियाँ बनाते हैं। बस्तर में काष्ठशिल्प से लकड़ी की सुंदर आकृतियाँ बनाई जाती हैं। पूरे प्रदेश में हस्तशिल्पियों का हुनर अद्भुत है। आज इस कार्यक्रम में मुझे जो सुंदर टोपी भेंट की गई, वह छिंद और कांसा से बनाई गई थी। जशपुर में हमारे गाँव के नजदीक कोटामपानी में भी छिंद और कांसा से बहुत सुंदर-सुंदर कलाकृतियाँ बनाई जाती हैं।

## कलाकारों के हाथ में चमत्कार- रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कलाकारों के हाथ में चमत्कार है। चाहे वह मिट्टी के खिलौनों की बात हो या बेल मेटल, कसीदाकारी, गोदना और टेराकोटा की, प्रदेश के हस्तशिल्पी अपनी कला के बहुत सुंदर उत्पाद बना रहे हैं। छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में भागीदारी होनी चाहिए। हमारे शिल्पकारों के पास कुदरती हुनर है। बड़े पैमाने पर हस्तशिल्प उत्पादन के लिए डिजाइनरों को भी जोड़ने की जरूरत है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक धरमलाल कौशिक, सुनील सोनी, आशाराम नेताम, गजेंद्र यादव, विभिन्न निगम-मंडल-आयोग के अध्यक्षगण, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंध संचालक जेपी मौर्य व नागरिक उपस्थित थे।

# नकली खाद, बीज बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

## कृषि मंत्री ने खाद व बीज विक्रेताओं पर नजर रखने, गुणवत्ता के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने प्रदेश में नकली खाद और बीज बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसमें अधिकृत विक्रेताओं की संलिप्तता पाए जाने पर एफआईआर के साथ ही लाइसेंस रद्द करने को कहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को खाद व बीज विक्रेताओं पर नजर रखने, स्टॉक का नियमित परीक्षण करने, गुणवत्ता व मानकों की जांच करने तथा इस संबंध में किसानों की शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री ने कहा, प्रदेश में नकली खाद की बिक्री और जमाखोरी की बढ़ती घटनाओं को सरकार गंभीरता से ले रही है। किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद और बीज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- नकली खाद, बीज की बिक्री पर रद्द होंगे अधिकृत विक्रेताओं के लाइसेंस



### किसान अधिकृत विक्रय केंद्रों से ही खरीदें

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे खाद विक्रेताओं पर नियमित निगरानी रखें, खाद व बीज के स्टॉक का नियमित परीक्षण करें तथा खाद मानक के अनुरूप है या नहीं, इसकी भी जांच नियमित करें। उन्होंने किसानों से प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे खाद और बीज के अधिकृत विक्रय केन्द्रों से ही इन्हें खरीदें। किसी भी तरह की अनियमितता या गड़बड़ी की सूचना तुरंत नजदीकी कृषि कार्यालय को दें।

## 9 से 21 जून तक चलेगा भाजपा का अभियान

# 'संकल्प से सिद्धि' अभियान से जनता तक पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकसित भारत के अमृतकाल और सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के लिए यहां मंगलवार को प्रदेश स्तर पर कार्यशाला आयोजित की गई। 9 से 21 जून तक चलने वाला यह अभियान विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित कार्यशाला है।

'संकल्प से सिद्धि' अभियान के प्रदेश संयोजक रजनीश सिंह ने संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए तिथिवार आहूत कार्यशालाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यशाला में मीडिया व सोशल मीडिया की सहभागिता पर जोर दिया। पार्टी के सभी निर्धारित कार्यक्रमों की सफलता के लिए जुटने का आग्रह किया। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदेशभर में आयोजित तिरंगा यात्रा का ब्योरा रखा और कहा, जनसंघ और भाजपा के बैनर तले लिए गए संकल्पना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सिद्ध किया। प्रदेश में अभूतपूर्व उत्साह के साथ 3105 तिरंगा यात्राएं निकाली गई ।




## जनता तक हमारा चिंतन पहुंचाना है- किरण देव

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, 'संकल्प से सिद्धि' अभियान समेत अन्य सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में कार्यकर्ता जुट जाएं। आज पार्टी का जो विशाल स्वरूप हम देख रहे हैं, उसमें पार्टी के इन सभी कार्यक्रमों की महती भूमिका है। हमारे जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता जनार्दन से सीधे जुड़ते हैं। कार्यक्रम को लेकर समाज के बीच जाने से जनता तक हमारा चिंतन विचार पहुंचता है।

# 5वीं-8वीं की परीक्षा एक दिन टली, फेल हुए तो भी 16 जून से बैठेंगे अगली कक्षा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में आज होने वाली शिक्षकों की काउंसिलिंग को देखते हुए जिले में 5वीं-8वीं का पहला पर्चा रद्द कर दिया गया है। 5वीं-8वीं की पूरक परीक्षाओं की शुरुआत आज से होनी थी। पांचवी कक्षा का पहला पर्चा गणित का था, जबकि आठवीं कक्षा की पूरक परीक्षा की शुरुआत अंग्रेजी विषय से होनी थी। इन दोनों ही विषयों की पूरक परीक्षाएं स्थगित की गई हैं। शेष विषयों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित तिथियों पर ही होंगी। रद्द किए गए विषय की परीक्षा अन्य विषयों की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अंत में आयोजित की जाएगी। इसके लिए पृथक से आदेश जारी होगा। पूर्व में जारी समय-सारिणी के अनुसार, पांचवी की पूरक परीक्षा 4 से जून तक तथा आठवीं की पूरक परीक्षा 4 से 12 जून तक आयोजित होनी थी। अब ये परीक्षाएं 5 जून से होंगी। अंत भी अपेक्षाकृत देर से होगा। गौरतलब है कि 13 वर्ष बाद प्रदेश में 5वीं-8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की गई थी। शिक्षा का स्तर सुधारने यह प्रयोग किया गया था। पांचवी की मुख्य परीक्षा 17 से 27 मार्च तक चली जबकि आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से 3 अप्रैल तक चली थी।

अलग खबर

## 4 जून से शुरू होनी थी परीक्षा, युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग के कारण किया गया रद्द

### पूरक परीक्षा की समय सारणी में बदलाव

छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय ने कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीयकृत पूरक परीक्षा में बदलाव किया है। इसमें कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 5 जून से शुरू होंगी। परीक्षा का समय सुबह 8 बजे से 10 बजे तक होगा। कक्षा 5वीं की परीक्षा 5 जून को पर्यावरण, 6 को हिंदी, 9 को अंग्रेजी और 10 को गणित की परीक्षा होगी। इसी प्रकार कक्षा 8वीं की परीक्षा 5 जून को हिंदी, 6 को सामाजिक विज्ञान, 9 को गणित, 10 को संस्कृत-उर्दू, 12 को विज्ञान और 13 जून को अग्रेजी परीक्षा होगी। परीक्षा का समय सुबह 8 से 11 बजे तक रहेगा।




### एक सप्ताह के भीतर परिणाम

मुख्य परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी करने के साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समस्त जिला शिक्षा कार्यालयों को आदेश दिए गए थे कि वे पूरक परीक्षाओं का एक जून से करें। पूरक परीक्षाओं में फेल होने वाले विद्यार्थियों को भी अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। प्रदेश में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून से हो रही है। ऐसे में परीक्षा संपन्न होने के एक माह के भीतर पूरक परिणाम घोषित करने प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि जिले के अतिशेष शिक्षकों की काउंसिलिंग आज पं.दीनदयाल ऑडिटोरियम में होगी। शिक्षकों के काउंसिलिंग में पहुंचने से परीक्षा कार्य प्रभावित ना हो, इसलिए ही पहला पर्चा रद्द कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर संघ की बैठक आयोजित की गई

**रायपुर।** तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग पेंशनर संघ, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 25 मई को गांधी उद्यान में बैठक रखी गई। बैठक में 12 लोगो ने सदस्यता ग्रहण की। कृषि विश्वविद्यालय के पेंशनरों को 46 प्रतिशत महंगाई राहत स्वीकृत करने के लिए प्रशासन को पत्र लिखने की सहमति बनी। बैठक में हीरेन्द्र अग्रवाल, रघुनाथ यादव, मुनीश मिश्रा, जगदीश साहू, महेन्द्र, बाबूलाल देवांगन एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दाई-बबा दिवस आज

**रायपुर।** रायपुर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 4 जून को हेल्थ मेला अंतर्गत दाई बबा दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर चंगोरा भाठा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महापौर मीनल चौबे कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समुदाय में बुजुर्गों के सम्मान और सहभागिता को बढ़ावा देना है। हेल्थ मेला में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य कार्ड भी बनाया जाएगा जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट, बीएमआई और सुझाव दर्ज होंगे। जांचों में प्रमुख रूप से बीपी शुगर जांच, हड्डी व जोड़ परामर्श, नेत्र परीक्षण, आयुर्वेद, योग, जीवन शैली परिवर्तन, मानसिक एवं याददाश्त जांच परीक्षण, डिजिटल हेल्थ आईडी, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। बुजुर्गों को अस्पताल तक लाने ले जाने के लिए व्हील चेयर/परिवहन सुविधा प्रदान की जाएगी।

### प्रियंका को पीएचडी



**रायपुर।** प्रोफेसर कालोनी, रायपुर निवासी प्रियंका पाल को मैट्स यूनिवर्सिटी ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। प्रियंका ने माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में कंम्प्यूटरीकृत शिक्षा के द्वारा अंग्रेजी भाषा कौशल का शैक्षिक अधिगम क्षमता पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर शोध किया है।

## निधन

### सुलोचना देवी सोनी



**रायपुर।** एकता परिसर, अश्विनी नगर निवासी सुलोचना देवी सोनी का 3 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जून को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे संजय, अजय, मनीष, शिव और ओम सोनी की माता थीं।

एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों ने दिया था राजकुमार कॉलेज के पास पर्स स्नैचिंग की घटना को अंजाम

# लूट और पर्स स्नैचिंग के मामले में 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस ने लूट और पर्स स्नैचिंग के अलग-अलग दो मामलों में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूट की वारदात खम्हारडीह क्षेत्र के चंडी नगर रोड स्थित मैदान के पास हुई थी, जिसमें चार युवकों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर उसकी बाइक और मोबाइल लूट लिया था और फरार हो गए थे। इस घटना में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का वाहन और मोबाइल जब्त किया है, वहीं दूसरी घटना में आजादचौक थाना क्षेत्र के राजकुमार कॉलेज के पास स्कूटी सवार एक महिला का पर्स छीनकर स्कूटी सवार तीन लड़के भाग गए थे। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनमें एक नाबालिग है। उनके कब्जे से लूट का पर्स व उसमें रखे सामान तथा आरोपियों द्वारा प्रयोग किया गया वाहन बरामद किया है।





### लूट की घटना का एक आरोपी फरार, तलाश जारी

पुलिस के अनुसार लूट की घटना 27 मई को तड़के साढ़े पांच बजे हुई थी। होमराम साहू चंडी नगर रोड स्थित मैदान के पास अकेले अपने वाहन को खड़ा कर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक बाइक में सवार गुलशन नायक 24 वर्ष निवासी गंगा नगर थाना देवेन्द्र, हिरण्या दीप उर्फ करन 23 वर्ष निवासी त्रिमूर्ति नगर देवेन्द्र नगर, प्रीतपाल सिंह कंग 19 वर्ष निवासी विश्व हिन्दू परिषद के पास काली नगर तथा अन्य एक उसके पास पहुंचे और मारपीट कर उससे मोबाइल और बाइक लूटकर फरार हो गए थे।

### चाकू से हमला करने वाले तीन नाबालिग गिरफ्तार

एक अन्य मामले में पुलिस ने शंकर नगर स्थित ओव्हर ब्रिज के पास चाकू से वार करने वाले तीन नाबालिग लड़कों को गिरफ्तार किया है। घटना 1 जून की है। प्रार्थी श्रेयांश सोनी बलेनो कार से जा रहा था। इसी दौरान पीछे से एक दोपहिया वाहन पर सवार तीन लड़कों ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस बात पर श्रेयांस और आरोपियों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद आरोपियों ने चाकू से उस पर हमला किया और फरार हो गए।

### सीसीटीवी फूटेज से पकड़े गए पर्स स्नैचिंग के आरोपी

पर्स स्नैचिंग की घटना 31 मई को सुबह साढ़े सात बजे की है। इस दौरान प्रार्थिया किरण अग्रवाल अपनी स्कूटी से जा रही थी। जैसे ही वह राजकुमार कालेज के पास पहुंची, तभी एक दोपहिया वाहन पर सवार तीन लड़के उसके पास पहुंचे और उसका पर्स छीनकर भाग गए। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से इन आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने इस मामले में अरमान हसन 20 वर्ष निवासी स्टेशन चौक लोधी पारा एवं शेख तौहिद 19 वर्ष निवासी बैजनाथपारा के साथ एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। इन तीनों के कब्जे से बैग तथा उसमें रखा सैमसंग कंपनी का मोबाइल, नकदी 29 सौ रुपए एवं एटीएम कार्ड बरामद किया है, साथ ही इस घटना में आरोपियों द्वारा प्रयोग किया गया वाहन भी जब्त किया है। तीनों के विरुद्ध धारा 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# प्रॉपर्टी डीलिंग की आड़ में अवैध शराब का कारोबार, दुकान में छापा मार जब्त की 70 हजार की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रॉपर्टी डीलिंग की आड़ में अवैध शराब का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार को रामसागर पारा क्षेत्र के अंतर्गत आयल मिल रोड में स्थित एक व्यावसायिक परिसर में छापा मारा। इस दौरान इस परिसर में किराए के एक कमरे से भारी मात्रा में शराब का जखीरा बरामद किया है। इसमें मध्यप्रदेश की शराब भी बरामद की गई है। इससे पता चला कि आरोपी दूसरे राज्यों से भी शराब मंगाकर यहां उसका कारोबार करता है।

जिला आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामसागरपारा अंतर्गत रामजी हलवाई मार्ग पर आदेश्वर काम्प्लेक्स के पीछे आयल मिल रोड में एक व्यावसायिक परिसर से कुछ लोग शराब का अवैध कारोबार कर रहे हैं। इस सूचना पर विभाग की संयुक्त टीम ने इस व्यावसायिक परिसर में छापा मारा।

इस दौरान एक कमरे से भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की लेबल लगी शराब बरामद की है। जब्त की गई शराब में 21 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड अल्ट्रा व्हिस्की, 27 बोतल रॉयल चैलेंज व्हिस्की, 22 रॉयल स्टैग व्हिस्की एवं 9 बोतल मैकडॉवेल नंबर वन व्हिस्की कुल 79 बोतल है, जिसकी कुल कीमत 75060 रुपए है। जांच के दौरान दुकान को किराए पर लेने वाले अनिल जैन को भी गिरफ्तार किया गया है। अनिल जैन वैसे पेशे से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। इसके लिए ही उसने किराए पर कमरा ले रखा था, लेकिन इसकी आड़ में वह शराब का अवैध कारोबार करने लगा।



### कारोबार में कई लोग संलिप्त, पूछताछ जारी

शराब के इस अवैध कारोबार में और कई लोगों के शामिल होने की संभावना है। छापे के दौरान टीम ने मौके से ट्रैवल बैग, शराब की खाली पेटियां और दर्जनों की संख्या में शराब की खाली बोतलें भी बरामद की है। विभागीय अधिकारी का कहना है कि इस कारोबार में अन्य कई लोग शामिल होंगे, जिसके बारे में उसकी दुकान में काम करने वाले नौकरों से पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा आरोपी अनिल जैन का मोबाइल भी जब्त किया गया, जिसके डाटा की जांच की जा रही है।

# फर्जी दस्तावेज से डीपीएम की नौकरी संविदा डाक्टर की सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक की नौकरी पाने वाले संविदा डाक्टर की सेवा समाप्त कर दी गई है। सूरजपुर जिले के डीपीएम डॉ. प्रिंस जायसवाल की डिग्री सही नहीं होने की शिकायत एनएचएम मुख्यालय में की गई थी। जांच के दौरान अहमदाबाद के साबरमती विश्वविद्यालय द्वारा डिग्री जारी किए जाने से इनकार किए जाने के बाद मिशन संचालक ने उनकी संविदा सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है।

■ शिकायत की जांच के बाद मिशन संचालक ने जारी किया आदेश

जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिला हास्पिटल कंसलटेंट के रूप में काम करने वाले डॉ. प्रिंस जायसवाल ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक की नौकरी पाने के लिए साबरमती विवि से मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) की डिग्री लिए जाने का दस्तावेज लगाया था। इस आधार पर उनका चयन डीपीएम के लिए हुआ था। इसी दौरान उनके दस्तावेजों को चुनौती देते हुए शिकायत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य मुख्यालय में हुई थी। इस संबंध में जब विवि से जानकारी मांगी, तो उनके द्वारा डा. प्रिंस से संबंधित कोई भी दस्तावेज होने से इनकार कर दिया गया। आरोप है कि इस मामले में अपना पक्ष रखने डा. प्रिंस को मौका दिया गया था, मगर उनकी ओर से संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। उनके कृत्य को मानव संसाधन नीति 2018 एवं सिविल सेवा नियम 1965 के नियम-3 सामान्य (1) एवं संविदा सेवा नियम 2012 का उल्लघंन मानते हुए सेवा से हटा दिया गया।

### रंजिश पूर्ण कार्रवाई

*इस मामले में डा. प्रिंस जायसवाल ने कहा कि उनके खिलाफ रंजिशपूर्ण तरीके से कार्रवाई की गई है। जिस डिग्री को कूटरचित बताया गया है, उनके पूरे दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। इसके अलावा उन्होंने अपनी सेवा एमपीएच के बजाए एमबीए की डिग्री के आधार पर प्रारंभ की है। उन्होंने जांच के दौरान अपना पूरा पक्ष दस्तावेज के साथ रखा था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया।*

## पेज 9 के शेष

### पंडरी कपड़ा मार्केट की...

क्योंकि बरसों से व्यापारी उसी जगह पर कारोबार करते आ रहे हैं, अब अचानक ऐसी कार्रवाई से उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। प्रभावित व्यापारियों ने क्षेत्रीय विधायक पुरंदर मिश्रा से भी बातचीत की। श्री मिश्रा ने हरिभूमि को बताया कि बुधवार को बैठक कर जनहित और व्यापारी हित में समस्या का समाधान निकाला जाएगा। दरअसल, नगर निगम प्रशासन ने पंडरी कपड़ा मार्केट में लगातार हो रहे ट्रैफिक जाम और जनता की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर कड़ा कदम उठाया है। सड़क के दोनों ओर उन दुकानों को सील किया है, जिनके शटर सड़क की ओर खुले हैं। देवेंद्र नगर हाट बाजार से मेन रोड की ओर जाने वाली सड़क पर कपड़ा कारोबारियों ने शटर खोलकर कारोबार शुरू कर दिया। इससे कारोबारी और उनके ग्राहक सड़क पर अपनी गाड़ियां खड़ी करते हैं। इसके कारण ट्रैफिक जाम लगता था। देवेंद्र नगर के आसपास की कालोनियों से पंडरी मेन रोड की ओर आने-जाने वालों को इससे जाम में फंसना पड़ता था। जन शिकायत के बाद सोमवार को महापौर मीनल चौबे ने कार्रवाई करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी के परिपालन में मंगलवार को निगम की टीम ने 19 दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की।

### 2 बार हो चुकी...

खुलवा लीं। उसके बाद पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में भी कार्रवाई हुई और दुकानें सील हुईं। बाद में कारोबारियों ने पहुंच का उपयोग कर फिर दुकानें खुलवा लीं। अब यह तीसरा मौका है, जब महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम ने 19 दुकानों को सीलबंद किया।

### चैंबर का विरोध, निगम...

किया है। समस्या के समाधान के लिए व्यापारियों के साथ चैंबर आफ कामर्स अध्यक्ष सतीश थौरानी, रायपुर होलसेल होजियरी एंड रेडीमेड डीलर्स एसोसियेशन अध्यक्ष विनोद तलरेजा, थोक कपड़ा मार्केट के अध्यक्ष सरल मोदी, चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सलूजा, राजेश वासवानी, विनय बजाज, चंदर विधानी, प्रकाश अग्रवाल, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, मनीष दरीरा, राहुल गोलछा, रितेश बैद्य, नरेंद्र पारख, तरूण बजाज ने रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा से मुलाकात कर चर्चा की। चर्चा के बाद बुधवार को सुबह 11 बजे नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक तय की गयी।

### म्यूल बैंक खाता...

संचालक के साथ सिम विक्रय केंद्र के प्रतिनिधि और बैंक अधिकारी भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने म्यूल बैंक खाता साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के संबंध में बताया कि पूर्व में इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। ये तीनों साइबर ठगी की रकम को प्राप्त करने इधर-उधर किया करते थे। इन आरोपियों से की गई पूछताछ और निशानदेही पर पुलिस ने अब अन्य आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें प्रद्युम महानंद पिता वासु महानंद 23 वर्ष जमुना वाहल काटा भांजी ओड़िशा, मोहित साहू 20 वर्ष निवासी बीरेझर धमतरी,अमित जगत 30 वर्ष निवासी संतोषी नगर टिकरापारा रायपुर, धर्मेन्द्र सोनी उर्फ विक्की 31 वर्ष निवासी पटेलपारा कुशालपुर पुरानी बस्ती रायपुर, रविराज पांडेय 28 वर्ष निवासी कैलाशपुरी पुरानी बस्ती रायपुर, साईमन पैट्रिक रॉक 20 वर्ष निवासी सूर्य नगर वार्ड नंबर 3 गोगांव रायपुर, भगवत प्रसाद शुक्ला 28 वर्ष निवासी ग्राम तूता अभनपुर, गौरव मच्खंड 24 वर्ष निवासी जल गृह मार्ग श्री टेम्पल रायपुर शामिल है।

### संकरी गली में...

कोतवाली पुलिस के अनुसार मृतक का नाम सूजन सरकार 35 वर्ष मूलतः पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। रायपुर में वह एक ज्वेलर्स दुकान में गहनों की कारीगरी करता है। घटना के समय रात को वह दुकान से घर जाने के लिए निकला था। इसी दौरान हनुमान मंदिर बूढ़ापारा गली के पास वह एक व्यक्ति से टकरा गया। इस बात को लेकर आरोपी व्यक्ति ने सूजन के साथ विवाद किया और फिर चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना के दौरान गली सूनसान थी, इसलिए किसी ने भी वारदात होते देखा नहीं। घटना के करीब एक घंटे बाद इस रास्ते से गुजर रहे एक राहगीर ने सड़क पर अचेत अवस्था में पड़े व्यक्ति को देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मेकाहारा पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित किया गया।

### सीसीटीवी कैमरे की...

में भी उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी आदतन शराबी भी है और शराब के नशे में ही रात में बूढ़ापारा में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 103 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### काशीरामनगर में मर्डर...

उसे मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस ने इस घटना की जानकारी मिलते ही आरोपी को तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**सूखा नशा कारोबार की वर्चस्व लड़ाई**-पुलिस के अनुसार मृतक रोहन आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी थाने में प्रकरण दर्ज है। बताया जा रहा है कि मृतक नशे का आदी भी था तथा सूखा नशा का कारोबार भी करता था। इधर आरोपी भी नशा करने के साथ इसका कारोबार करने लगा था। सूत्रों के अनुसार दोनों के बीच मोहल्ले में सूखा नशा के कारोबार के वर्चस्व को लेकर ही विवाद हुआ था, जो हत्या में बदल गया।

### अब प्री-मानसून ने भी साथ छोड़ा, बढ़ने लगी गर्मी

**रायपुर।** दंतेवाड़ा में आने के बाद आगे बढ़ने के बजाए मामसून ब्रेक हो गया। इतना ही नहीं राहत देने वाली प्री-मानसून की गतिविधि भी अब बंद हो गई है। बारिश नहीं होने की वजह से पारा चढ़ने लगा है जिससे गर्मी अपना असर दिखा रही है। मानसून की वापसी अब 10 जून के आसपास होने की संभावना है।




**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/../ अ-6 (अ) / वर्ष 2024-25
धरसींवा, दिनांक 02.06.2025
ग्राम बीरगांव, प.ह.नं. 88
रा.नि.मं. धरसींवा-1
तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनूप मिश्रा पिता कौशल प्रसाद मिश्रा निवासी नया तालाब गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख कर बताया है कि ग्राम बीरगांव प.ह.नं. 88 स्थित भूमि ख.नं. 10/76 भाग रकबा 600 वर्गफुट की भूमि है जिसे विक्रेता ना.बा. मोहम्मद फैज वल्द वो वली मो. फिरोज पिता मो. फारूख निवासी गाजी नगर बीरगांव रायपुर तहसील धरसींवा जिला रायपुर से दिनांक 23.09.2017 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ खसरा संलग्न किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 17.06.2025 तक स्वतः अथवा वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर छ.ग.**
**राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन**

रा.मा.क्र. /202501110800034/ अ-6/ 2024-25
रायपुर, दिनांक 28/05/2025
प्रति,

गीतांजली गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर द्वारा सचिव प्रकाश दावडा पिता मगन लाल जी दावडा निवासी अमीन पारा रायपुर (छ.ग.)
द्वाराः-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक नरेन्द्र दावडा पिता मगन लाल दावडा निवासी पचपेडी नाका रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 394/4 का भाग, भूखण्ड क्रमांक 164, रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता गीतांजली गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर द्वारा सचिव प्रकाश दावडा पिता मगन लाल जी दावडा निवासी अमीन पारा रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत संशोधन विलेख दिनांक 19/05/1998 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पूर्व के पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29/11/1984 में भूखण्ड क्रमांक 173 दर्ज होने के कारण उपरोक्त विक्रय विलेख को संशोधित कराया गया है। अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत संशोधन विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 09/06/2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर छ.ग.**

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर,**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम बेन्द्री
रा.प्र.क्र. 202505111100016 अ/6
अ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरुण कुमार धीवर पिता स्व. अर्जुन धीवर निवासी ग्राम बेन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ०ग० द्वारा ग्राम बेन्द्री प.ह.नं. 13 तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 35/28, 76/32, 180/1 शामिल 181/2, 182/2 रकबा क्रमशः 0.271. 221. 0052 हे. भूमि वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में कैफियत कॉलम में शासन से प्राप्त शब्द को विलोपित किये जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी रा. अभनपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 09/06/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 22/05/2025 को जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार अभनपुर**













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आज

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तेलीबांधा मरीन ड्राइव में 4 जून को पेटा इंडिया और गन्स ऑफ छत्तीसगढ़ (वीओसी) संगठन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान एक पुरुष एवं एक महिला अपने पूरे शरीर पर नीला और हरा रंग लगाकर धरती रूप धारण करेंगे। साथ ही पर्यावरण की रक्षा करने के इच्छुक लोगों को स्वादिष्ट ग्रीन भोजन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इसी प्रकार कई कार्यक्रम होंगे, जिसमें जलवायु परिवर्तन का मनुष्यों पर गंभीर असर पड़ता है, जिससे लोगों की स्वास्थ्य स्थिति खराब हो रही है और उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है।

### डॉ चानन गोयल ने टोक्यो में किया रिसर्च प्रस्तुत

**रायपुर।** शासकीय फिजियोथेरेपी कालेज में प्रदर्शक के रूप में कार्यरत बच्चों की फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. चानन गोयल ने टोक्यो में अपना रिसर्च प्रस्तुत किया है। पिछले दिनों टोक्यो में आयोजित हुए वर्ल्ड फिजियोथेरेपी कांग्रेस- 2025 में रीसर्च प्रस्तुत किया। इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स में देशभर के 5000 से ज़्यादा फिजियोथेरेपिस्ट प्रतिभागी रहे। आयोजन में फोक्स्ड सिम्पोजीयम के 24 चेयरपर्सन में से एकमात्र भारतीय डॉ चानन गोयल रही। डॉ गोयल ने न्यूरो डिवेलप्मेंटल डिसॉर्डर से ग्रसित बच्चों के लिए नयी तकनीकों का उपयोग करते हुए फिजियोथेरेपी द्वारा इलाज करने के लिए केस स्टडी के माध्यम से उदाहरण प्रस्तुत किए।



### छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में संगोष्ठी कल

**रायपुर।** खूबसूरत पौधों और फूलों के साथ लोग घरों में गार्डनिंग कर रहे हैं। इसी कड़ी में महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में 5 जून को शाम 6 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी पर्यावरण समिति की प्रमुख अनघा करकशे ने देते हुए बताया कि, संगोष्ठी में कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ हमें मार्गदर्शन देंगे कि घर में ऐसे कौन से पौधे लगाएं, जिससे हमें प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन मिल सके। महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कृषि विशेषज्ञ हमें बताएंगे कि पोर्च, सीढ़ी, ड्राइंग रूम, बाल्कनी में ऐसे कौन-कौन से पौधे लगाए जा सकते हैं, संगोष्ठी में मुख्य वक्ता वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विजय जैन और विशेष वक्ता इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डॉ. जेएस उरकुरकर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले करेंगे।

# दूध पाउडर से खोवा, अमानक नमकीन, एक्सपायरी ब्रेड बेचने वालों पर 35 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहार के दौरान दुकान में दूध पाउडर से बना खोवा, अमानक तरीके से बनाए गए नमकीन के साथ एक्सपायरी ब्रेड बेचने वाले दुकानदारों पर 35 हजार का जुर्माना किया गया है। एफडीए की टीम अभनपुर, नवापारा और नवा रायपुर की दुकानों से सैंपल उठाए थे। सक्षम न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई के बाद अलग-अलग मामलों में कुल 35 हजार रुपए अर्थदंड का फैसला सुनाया था।

## एफडीए टीम ने लिए थे सैंपल, सक्षम कोर्ट ने सुनाया फैसला

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश यादव ने वर्ष 2020 से 2023 के बीच विभिन्न दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उसे जांच के लिए लैब भेजा था। लैब रिपोर्ट के बाद जांच की विभिन्न प्रक्रिया पूरी कर मामला सक्षम न्यायालय में पेश किया गया था। लंबी सुनवाई और दोनों पक्षों को सुनने के बाद अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा और



मानक अधिनियम के अंतर्गत पदेन न्यान निर्णयन अधिकारी देवेन्द्र पटेल ने खाद्य कारोबारियों पर उनकी लापरवाही के हिसाब से जुर्माना लगाया। इनमें अभनपुर के बंडू होटल की दो शाखाओं से खोवा और नमकीन के सैंपल लिए गए थे। खोवा में दूध पाउडर मिला था और नमकीन भी अमानक था। इसी तरह नवापारा के मोगनींस केक शॉप में एक्सपायरी पिज्जा ब्रेड की बिक्री की जा रही थी। नवा रायपुर के आरण्यम रेंस्टोरेंट में सूखा ब्राउन प्याज खुले में रखा गया था और रोहित लड्डू नामक दुकान में लड्डू की क्वालिटी सही नहीं थी। संग्रहित खाद्य नमूना खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाये जाने पर तथा खाद्य कारोबार कर्ताओं द्वारा एफएसएसएआई गाइडलाइन के विपरीत खाद्य पदार्थों का विक्रय किये जाने के कारण खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण दायर किया गया था।

### छठवें चरण की काउंसिलिंग जल्द शुरू करने की मांग

# एकात्म परिसर के सामने डीएड अभ्यर्थियों ने जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीएड अभ्यर्थियों ने मंगलवार को सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती पूरी करने की मांग करते हुए एकात्म परिसर के सामने नारेबाजी की। बड़ी संख्या में हाथों में बैनर, तख्तियां लेकर अभ्यर्थी अपनी मांग के प्रति ध्यान आकर्षित कराने पहुंचे। नारेबाजी कर रहे अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच इस दौरान झूमाझटकी भी हुई। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बस में भरकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल भेजा। अभ्यर्थी छठवीं चयन सूची जारी करने की मांग कर रहे थे।

■ प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ झूमाझटकी भी

दरअसल, सहायक शिक्षक भर्ती के 1316 पद व शेष 984 पद सहित कुल 2300 पदों पर जल्द भर्ती कर छठवीं सूची जारी करने की मांग डीएड, डिप्लोमा अभ्यर्थी कर रहे हैं। उनका कहना है वे अपनी लंबित मांग को लेकर सभी कैबिनेट मंत्री से मुलाक़ात और संबंधित विभाग से गुहार लगा रहे हैं फिर भी अब तक सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। अभ्यर्थियों का कहना है जब अभी भी 1316 पद रिक्त है और भर्ती की वैलिडिटी भी बची है और योग्य अभ्यर्थी कि सभी टीईटी क्वालीफाई हैं, भर्ती में मेरिट लिस्ट में भी आए हैं। इसके बाद भी विभाग सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसिलिंग क्यों प्रारंभ नहीं कर रहा है। अभ्यर्थियों ने बताया इस संदर्भ में विभाग कई बार जा चुके हैं, लेकिन विभाग से स्पष्ट जानकारी नहीं मिलती। अधिकारियों ये कहना रहता है कि वे अभी लिस्ट के बारे में कुछ नहीं कह सकते। इसी सिलसिले में प्रदेश के डीएड अभ्यर्थी एकात्म परिसर के सामने सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती पूरी करने की मांग करने जुटे थे।

## सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग



### एक दिन पहले किया था राजभवन घेराव

डीएड शिक्षक संघ के सदस्य सोमवार को सहायक शिक्षक की छठवीं सूची जारी करने की मांग को लेकर राजभवन का घेराव करने गये थे। इन्हें सिविल लाइन स्थित संस्कृति विभाग कार्यालय के सामने पुलिस ने रोक दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने डीएड अभ्यर्थियों से ज्ञापन लिया। इनकी मांग है कि कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए 2300 शिक्षकों की भर्ती की जाये और जल्द छठवीं चयन सूची जारी कर डीए अभ्यर्थियों को राहत दी जाये।

# दो ऑपरेशन थियेटर बनाने शासन से मिला 1 करोड़, 3 साल बीतने के बाद खड़ा हुआ केवल ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हृदय रोगियों का ज्यादा ऑपरेशन करने और हार्ट ट्रांसप्लांट की संभावनाओं को पूरा करने के लिए बनाए जाने वाले आधुनिक तरीके के ऑपरेशन थियेटर में राशि का टोटा होने लगा है। शासन द्वारा तीन साल पहले ओटी के लिए 1 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया था, जिसमें से 27 लाख रुपये खर्च कर सिविल वर्क यानी ढांचा बनाने का काम पूरा किया गया है। 73 लाख में ऑपरेशन से संबंधित उपकरण जुटाना मुश्किल है, इसलिए निर्माण एजेंसी सामने नहीं आ रही है। हृदय रोगियों की सर्जरी की संख्या बढ़ाने के लिए आंबेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग के लिए एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट परिसर में दो नया ऑपरेशन थियेटर बनाने एक करोड़ की राशि प्रदान की गई थी। सीजीएमएससी की धीमी गति के निर्माण की वजह से काम समय पर पूरा नहीं हो पाया। सीजीएमएससी द्वारा तय की गई एजेंसी विभिन्न अवरोधों के बीच 27 लाख रुपये खर्च कर तीन साल में सिविल वर्क



पूरा कर केवल ढांचा खड़ा कर पाई है। ओटी बनाने के लिए जरूरी उपकरण की व्यवस्था सहित अन्य कार्य पूरे किए जाने हैं, जिसके लिये 73 लाख रुपए को कम माना जा रहा है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि समय बीतने के साथ मंहगाई बढ़ी है और वैसे भी हार्ट सर्जरी से संबंधित उपकरण काफी महंगे आते हैं। इस ऑपरेशन थियेटर के जरिए सरकारी संस्थान में हार्ट ट्रांसप्लांट की योजना को पूरा किया जाना है, इसलिए निर्माण लागत को बढ़ाने की आवश्यकता है।

### मरीजों को लाभ मिलेगा

विभाग में विभिन्न तरह के ऑपरेशन किये जा रहे हैं। ऑपरेशन थियेटर बढ़ने से ज्यादा सर्जरी की जा सकेगी, जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा।
- **डॉ. कृष्णकांत साहू,** विभागाध्यक्ष सीटीवीएस, आंबेडकर अस्पताल

### मरीजों को करना पड़ता है इंतजार

वर्तमान में हार्ट सर्जरी विभाग के पास मरीजों के विभिन्न तरह के ऑपरेशन करने के लिए एकमात्र ओटी है। यहां नियमित रूप से एक छोटा और एक बड़ा ऑपरेशन पूरा किया जाता है। दिक्कतें तब होती हैं, जब इमरजेंसी में ज्यादा सर्जरी करने की आवश्यकता होती है। इसके लिए नियमित तरीके से होने वाली सर्जरी को अगले दिन तक स्थगित करनी पड़ती है। ऑपरेशन थियेटर की संख्या बढ़ने के इस तरह की समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।

### सीटीवीएस विभाग का इंटरव्यू आज

पं. जेएनएम मेडिकल कालेज रायपुर के विभिन्न सीटीवीएस विभाग के विभिन्न पदों पर अनुबंध आधार पर भर्ती के लिए बुधवार 4 जून को इंटरव्यू किया जाएगा। इसमें कार्डियक एनीस्थिसिया के सहायक प्राध्यापक पद के लिए सरकार 2.5 लाख, एमडी एनीस्थीसिया और कार्डियक एनेस्थीसिया के अनुभवी के लिए 2 लाख प्रति माह वेतन होगा। इसके अलावा सहायक प्राध्यापक के 11, एसआर के 10, जेआर के 1 पदों के लिए भी साक्षात्कार होगा। कालेज में संचालित अन्य विभाग में भी भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# 10 माह बाद राज्य पात्रता परीक्षा के नतीजे घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा अंततः राज्य पात्रता परीक्षा अर्थात सेट के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा बीते वर्ष 21 जुलाई को इसका आयोजन किया गया था। इस तरह से लगभग 10 माह बाद प्रदेश के एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों का इंतजार खत्म हो सका। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट के अलावा अपने प्रोफाइल में लॉग-इन करके भी परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। पीएचडी की तैयारी कर रहे छात्रों के साथ ही राज्य के विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की चाह रखने वाले युवाओं को अब राहत मिलेगी। इसके पूर्व व्यापम ने 6 मार्च को मॉडल उत्तर जारी कर दावा आपत्ति के लिए 13 मार्च तक समय दिया था। इसके उपरांत 14 मई को दिव्यांगता का प्रकार पूछा गया। इसके लिए 17 मई तक समय दिया गया था।

### इन विषयों के लिए आयोजित हुई थी परीक्षा

व्यापम द्वारा 2024 में 19 विषयों के लिए राज्य पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी। इनमें हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, गणित, जीव विज्ञान, फिजिकल साइंस, कंप्यूटर एप्लिकेशन, कॉमर्स, विधि, संस्कृत, मनोविज्ञान, लाइब्रेरी साइंस, फिजिकल एजूकेशन, होम साइंस तथा केमिकल साइंस शामिल है। सभी विषयों में प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम उत्तर तथा परिणाम जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि सेट के परीक्षा परिणाम में विलंब को लेकर कई परीक्षार्थियों द्वारा शासन-प्रशासन स्तर पर ज्ञापन भी सौंपा गया था।

# जीएसटी समस्याओं को लेकर चैंबर ने 11 बिंदुओं पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने नवा रायपुर स्थित जीएसटी कार्यालय में जीएसटी कमिश्नर एवं आईजी पंजीयन एवं स्टांप पुष्पेंद्र मीणा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी से संबंधित व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान 11 बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा। जीएसटी कमिश्नर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान कर व्यापारी हित में निर्णय लिया जाएगा।

■ जीएसटी कमिश्नर मीणा से मिले चैंबर पदाधिकारी

प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें बताया कि व्यापारियों को जीएसटी के आदेश मेल द्वारा भेजने से परेशानी हो रही है, चूंकि स्थानीय व्यापारी लंबे समय तक मेल चेक नहीं कर पाते, इसलिए अक्सर उन्हें आदेश देखने में देर हो जाती है और अपील का समय निकल जाता है।

श्री मीणा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में पोस्ट के द्वारा हार्ड कॉपी भी भेजी जाएगी, जिससे यह समस्या न हो। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें अवगत कराया कि जीएसटी के अंतर्गत सर्वे या रेड की कार्रवाई होती है, तो अधिकारी व्यापारी पर ज्यादा दबाव बनाते हुए दहशत का माहौल बना देते हैं, जिससे व्यापारियों को बहुत परेशानी होती है, जीएसटी कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा ने आश्वस्त किया कि संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि इस तरह की स्थिति निर्मित न हो।

चर्चा के दौरान जीएसटी कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा के साथ स्पेशल कमिश्नर टीएल ध्रुव, ज्वाइंट कमिश्नर दीपक गिरी, नरेंद्र वर्मा ज्वाइंट कमिश्नर इंफोर्समेंट, नूरेंद्र पटेल डिप्टी कमिश्नर इंफोर्समेंट उपस्थित रहे। जीएसटी कमिश्नर से मुलाकात करने गये चैंबर के प्रतिनिधिमंडल में चैंबर प्रदेश अध्यक्षसतीश थौरानी, वाइस चेयरमैन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकृष्ण सुंदरानी, राजेश वासवानी, विनय बजाज, जसप्रीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, दयाल राजपाल, दिलीप इसरानी उपस्थित रहे।



### त्रुटियों पर कार्रवाई करें

चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अक्सर छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण धारा 129 के अंतर्गत 200 फीसदी तक की पैनाल्टी लगा दी जाती है, जबकि वर्ष 2018 में यह सर्कुलर आ चुका है कि छोटी-छोटी त्रुटियों के लिए सिर्फ 1 हजार रुपए की पैनाल्टी लगाई जानी चाहिए। जीएसटी कमिश्नर ने अधिकारियों को आदेश दिया कि त्रुटियों पर कार्रवाई करें लेकिन छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण 200 प्रतिशत की पेनाल्टी न लगाए बल्कि 1 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाएं। इसके अलावा विभिन्न विषयों पर प्रतिनिधि मंडल और जीएसटी के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई।


# रायपुर और दुर्ग के बाद जगदलपुर, बिलासपुर में भी कोरोना, कुल 15 एक्टिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में चुपके से कोरोना अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। रायपुर, दुर्ग के बाद जगदलपुर और बिलासपुर में संक्रमितों का पता चला है। वर्तमान में प्रदेश में कोविड-19 के 15 एक्टिव केस हैं, जिनमें से 13 होम आइसोलेशन और 2 का इलाज अस्पताल में चल रहा है। रायपुर में सर्वाधिक 11 मामले हैं।

■ 2 का इलाज अस्पताल में 13 होम आइसोलेशन पर

अन्य राज्यों में कोरोना के मामले सामने आने के बाद छत्तीसगढ़ में भी अतिरिक्त सुरक्षा बरती जा रही है। इसके तहत लक्षण के आधार पर मरीजों की जांच की जा रही है, जिसमें संक्रमित भी मिल रहे हैं। रायपुर में शुरुआती दौर में सामने आए दो लोगों के ठीक होने के बाद अब सक्रिय मरीजों की संख्या 9 है, जिसमें आठ की निगरानी घर पर की जा रही है। जगदलपुर का मरीज एम्स में इलाज करवा रहे है। एम्स के साथ आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में एक केस सामने आया है और बाकी मामले निजी अस्पताल से संबंधित हैं। कोरोना के मामलों पर मंगलवार को वीसी भी हुई। राज्य में अभी कोरोना ने स्वरूप बदला है अथवा नहीं, यह पता नहीं चल पाया है। हालांकि दूसरे राज्यों में भी कोरोना के नये स्वरूप के खतरनाक नहीं होने की पुष्टि हो चुकी है। यह भी तर्क सामान आया है कि कोरोना 15-20 दिनों तक ही अपना असर दिखाएगा।



### केवल मौसमी समस्या

*सूत्रों के अनुसार अब तक राज्य में कोरोना के जितने मामले सामने आए हैं, उनमें मौसमी बीमारी यानी खांसी-बुखार के अलावा और किसी तरह के लक्षण नहीं हैं। सभी लोग अपने से होकर अस्पताल पहुंचे हैं और लक्षण के आधार पर टेस्ट के दौरान उन्हें संक्रमित पाया गया है। उनकी किसी तरह की ट्रैवल हिस्ट्री भी सामने नहीं आई है।*

# नुक्कड़ सभा के माध्यम से आमजनों को पदयात्रा के उद्देश्यों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोमनाथ लखना से एक जून को आरंभ खारुन नदी को प्रदूषण मुक्त करने, औद्योगिक ईकाइयों द्वारा बेतहाशा जल शोषण और नये औद्योगिक ईकाईयो को नदी जल ले जाने की शासन द्वारा अनुबंध कर अनुमति देने के विरोध में पदयात्रा तीसरे दिन मंगलवार को सिलतरा से सांकरा पहुंची। सांकरा में छत्तीसगढ महतारी की मूर्ति की आरती के बाद जोडा जैतखाम में नारियल चढ़ाकर पूजा-अर्चना कर यात्रा के विषय में जानकारी दी गई। महेंद्रा चौक सिलतरा में छत्तीसगढ ड्राइवर संघ द्वारा पदयात्रा का स्वागत कर पुलाव वितरण किया गया। 5 जून के रायपुरा में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया। भोजन के बाद पदयात्रा ग्राम बाना के लिए प्रस्थान किया, जहां रात्रि विश्राम रहेगा। सांकरा से पदयात्रा का मुरैठी गांव पहुंचने पर सरपंच रुक्खमणि उमेश निषाद व पंचों के साथ ग्रामवासियों द्वारा स्वागत किया। इसके बाद दुर्गा पंडाल रंगमंच में नुक्कड़ सभा के माध्यम से पदयात्रा के उद्देश्यों की जानकारी आमजनों को दिया गया। नुक्कड़ सभा के माध्यम से पदयात्रा के उदेश्यों की जानकारी आमजनों को दिया गया।



### भाठागांव रोड में कंडम वाहन जब्त

**रायपुर।** टीम प्रहरी नगर निवेश विभाग द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत भाठागांव रोड में यातायात पुलिस बल की सहायता से यातायात सुगम बनानेअभियान चलाकर सड़क पर रखे कंडम वाहनों को जप्त करने की कार्यवाही जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में की गई। इस कार्यवाही से नागरिकों और वाहन चालकों को सुगम आवागमन में सहूलियत हुई।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### रायपुर में राया के नए स्टोर का भव्य शुभारंभ पारंपरिक मेंसवियर के लिए प्रीमियम डेस्टिनेशन

**रायपुर।** भारत के प्रमुख मेंस-वियर ब्रांडों में से एक राया ने रायपुर के फैशन प्रेमियों को एक खास तोहफा देते हुए अपने भव्य स्टोर का उद्घाटन किया। यह स्टोर पंडरी मेन रोड स्थित क्लॉथ मार्केट जंक्शन पर खोला गया है और पारंपरिक भारतीय परिधान के लिए शहर का नया प्रीमियम डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। इस भव्य उद्घाटन समारोह में जयहिंद ग्रुप के संस्थापक नागराज जैन, निदेशक दिनेश जैन एवं मनुलाल अग्रवाल ने रिबन काटकर स्टोर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर के कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे। राया के संस्थापक प्रेशित जैन ने इस ब्रांड को एक नई दिशा देने का संकल्प लिया है। जहाँ भारतीय शिल्पकला, पारंपरिक डिज़ाइनों और आधुनिक स्टाइल का बेहतरीन संगम देखने को मिलता है। स्टोर में पुरुषों के लिए पारंपरिक पहनावे की विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जिसमें कुर्ता सेट, सूट, इंडो-वेस्टर्न, बंधगला और शेरवानी शामिल हैं। शादी-ब्याह, त्योहारों या किसी भी खास अवसर के लिए राया एक सम्पूर्ण वार्डरोब समाधान प्रदान करता है।




### मैट्स विश्वविद्यालय में रियल-टाइम उत्पाद लॉन्च



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग में स्थित इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर में रियल-टाइम उत्पाद लॉन्च कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फ्यूचर जनरेशन टेक्नोलॉजी (एफजीटी) के सहयोग से किया गया, जिसमें उन्नत रासायनिक उत्पादों - एंटीस्केलेंट, एंटीकोरोशन एजेंट्स, बायोडिस्पर्सेंट्स और बायोसाइड्स का शुभारंभ किया गया। ये उत्पाद विशेष रूप से कूलिंग टावरों और विभिन्न इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए तैयार किए गए हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रीयेश पगारिया, कुलपति प्रो. के.पी. यादव, कुलसचिव गोकुलनंद पांडा तथा निदेशक डॉ. आशा अंभाइकर सहित विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 4 जून 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





02 प्री-वेडिंग, डीजे जैसे महंगे खर्च को ....


## एजुकेशन अलर्ट

### हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में पाठ्यक्रम के लिए आवेदन शुरू




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएचटी), चांपा में जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले 'डिप्लोमा इन हैंडलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉज' पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पाठ्यक्रम कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा ओडिशा के बरगढ़ स्थित संस्थान के सहयोग से संचालित किया जाएगा। संयुक्त संचालक, ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा से मिली जानकारी के अनुसार संस्थान में प्रथम सेमेस्टर एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को 10वीं की परीक्षा विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा आयु सीमा 15 से 23 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।

#### आवेदन 10 जून तक कर सकेंगे

वहीं द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश के लिए भौतिकी, रसायन सहित 12वीं उत्तीर्ण अथवा समकक्ष तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी पात्र होंगे। इस श्रेणी में अभ्यर्थियों की आयु 17 से 25 वर्ष (अजा/अजजा वर्ग के लिए 17 से 27 वर्ष) के बीच होनी चाहिए। आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट **www.iihtchampa.org.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र 10 जून 2025 की शाम 5 बजे तक स्पीड पोस्ट, ई-मेल **iihtchampacg@gmail.com** या स्वयं उपस्थित होकर संस्थान में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा, नवा रायपुर या जिला हाथकरघा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए दावा-आपत्ति 17 जून तक

एकीकृत बाल विकास परियोजना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों के आधार पर विकासखण्ड स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा तैयार अनंतिम (प्रावधिक) चयन सूची सर्व साधारण की सूचना के लिए एतद्द्वारा जारी प्रकाशित की जाती है। इस सूची के विरुद्ध किसी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की कोई दावा, आपत्ति हो तो, वे अपना दावा-आपत्ति सुसंगत दस्तावेजों के साथ 17 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। दावा-आपत्ति केवल इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्य कार्यालयों में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगा।

स्मार्टफोन के सहारे किचन से लेकर घरेलू सामान की कीमत, क्वालिटी जांच कर बजट में कर रहीं खरीदारी

# स्मार्ट हुई गृहणी...मोबाइल से ही खरीदारी की प्लानिंग, बचा रही हैं वक्त और खर्च

आज के डिजिटलीकरण के समय में घर की गृहणियां भी कैसे तकनीकी के इस्तेमाल में पीछे रह सकती हैं भला। स्मार्टफोन व इंटरनेट तकनीकी के जमाने में गृहणी से स्मार्ट गृहणी हो गई हैं। हालांकि, एक जमाने में गृहणियां किचन व घर की दूसरे जरूरी सामानों की पर्चियां तैयार भर करा दिया करती थीं, फिर घर के मुखिया लोग बाजार से महीने भर की राशन आदि घरेलू सामान किराने की दुकान से खरीद लाते थे। पर अब स्मार्टफोन के सहारे ऑनलाइन, लोकल, स्मार्ट बाजार सभी जगह किचन से लेकर घरेलू सामानों की कीमत, क्वालिटी जांच कर पैसे, समय की बचत कर, गृहणियां बजट में घरेलू सामान की खरीदारी कर रही हैं।

**रायपुर।** शहर की स्मार्ट गृहणी वंदना बताती हैं कि डिजिटल तकनीक से जुड़ने का बड़ा फायदा हम गृहणियों को यह हुआ है कि किचन की जरूरी सामान हो या फिर घर की होम डेकोरेशन, बच्चों व खुद की फैशन आदि के जरूरत की चीजें उसकी खरीदारी से पहले उनकी क्वालिटी व कीमत को बहुत सारे मार्केट विकल्प होने से घर बैठे फोन पर कंपेयर करती हैं। इससे मेरे किचन सहित पूरे घर की बजट को मेंटेन करने में काफी मदद मिली है। डिजिटलीकरण ने हमारा समय व पैसे, दोनों की बचत की है। पहले मार्केट का विकल्प कम होने, जानकारी का अभाव व सामान्य सुविधा वाली किचन का इस्तेमाल से गृहणियों को किचन को मेंटेन रखने, बजट, समय की कमी जैसी समस्याओं का सामान करना पड़ता था। स्मार्ट तकनीक से जुड़ने से अब इन परेशानियों से गृहणियों को मुक्ति मिल गई है।

### मोबाइल पर सब्जी-भाजी मंगाती हूं

गृहणी डॉ. दीपिका सिंह बताती हैं कि लोकल सब्जी-भाजी बचने वालों का मोबाइल नंबर रखी है, जो अपने किचन के लिए जब भी लोकल फ्रेश सब्जियां चाहिए होता है तो उन्हें फोन कर मंगा लेती हूं। वहीं फैशन, वीयर, अनाज, इलेक्ट्रॉनिक सभी की लिस्टिंग कर लोकल, स्मार्ट बाजार, ऑनलाइन शॉप पर कीमत को कंपेरिजन कर ही खरीदती हूं। स्मार्ट फोन से बाजार की जानकारी काफी हद तक मिलने से बजट का निर्धारण, टाइम मैनेजमेंट व सेविंग कर पर्चेस कर मैं खुद को स्मार्ट गृहणी बनाने हमेशा आगे रहती हूं।





### बजट, टाइम व सेविंग तीनों मैनेंज

शहर की गृहणी अर्चना पांडेय बताती हैं कि ऑनलाइन, स्मार्ट और लोकल बाजार तीनों जगहों से चाहे किचन की सामान हो या फिर दूसरे घरेलू उपयोग का बजट, समय व बचत तीनों में संतुलन बिठाने स्मार्टफोन से जानकारी जुटाती रहती हूं। इसको लेकर इस बात पर ध्यान देती हूं कि मेरे बजट में, पैसों के बचत के साथ कम से कम दूरी के अंदर व डिलीवरी चार्जेस में सामान उपलब्ध हो जाए। मैं मानती हूं कि तकनीकी के आने से गृहणियों की दिनचर्या को काफी कंफॉर्टेबल बनाया है।



### गूगल किया रेसीपी सामने डिश मिनटों में तैयार

सिटी की गृहणी वंदना तिवारी का कहना है कि किचन में क्या डिस बनाऊं अब सोचना नहीं पड़ता है। स्मार्टफोन पर खाने की रेसिपी देखकर खाने-पीने के एक से बढ़कर एक डिश बना ले रहे हैं। इतना ही नहीं, शहर के किस मार्ट या मॉल की शॉप पर किस सामान की कीमत क्या है, कहां कितना ऑफर है, यह सब पता लगा ले रहे हैं। 7-8 साल पहले तक किसी भी एक निर्धारित दुकान पर औने-पौने खरीदारी करनी पड़ती थी। वहीं, साधारण किचन सेटअप में खाना बनाते रहे हैं, लेकिन तकनीकी से जुड़ने के बाद अब माड्यूलर किचन हो गया है। आज किचन मैनेजमेंट से लेकर पूरे घर का केयर करना तकनीकी ने पहले के मुकाबले आज काफी आसान कर दिया है।

## सिटी इवेंट

### सीसीपीएल के ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सिंगर शाल्मली खोलगड़े देंगी प्रस्तुति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण 6 जून से 15 जून तक नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पिछले साल की विजेता टीम रायपुर राइनोज और बिलासपुर बुल्स के बीच रात 9 बजे से होगा। बता दें कि उद्घाटन समारोह शाम 7 बजे से शुरू होगा, जिसमें बॉलीवुड की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका शाल्मली खोलगड़े अपनी प्रस्तुति देंगी। इसके अलावा अन्य रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। शाल्मली के लोकप्रिय गीतों में मैं परेशान, बलम पिचकारी, शुद्ध देसी रोमांस, लत लग गई और शनिवार राती जैसे हिट गाने शामिल हैं, जिन्हें वह उद्घाटन समारोह में प्रस्तुत करेंगी। इनके अलावा अन्य रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजन का हिस्सा होंगी।

#### निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध रहेगी

दर्शकों की सुविधा के लिए 6 जून से 15 जून तक घड़ी चौक मल्टीलेवल पार्किंग से स्टेडियम तक निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध रहेगी। दर्शक इस सुविधा का उपयोग मैच देखने के लिए स्टेडियम आने और वापस जाने के लिए कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का यह दूसरा संस्करण छत्तीसगढ़ के उभरते क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। पहले संस्करण की सफलता के बाद इस बार भी टूर्नामेंट से कई नए खिलाड़ियों के उभरने की उम्मीद है।

### दिगम्बर जैन का 5 जून से चलेगा पर्यावरण व जल संरक्षण का महाअभियान

**रायपुर।** दिगम्बर जैन समाज की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आव्हान पर 5 जून, विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर देशभर में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत 10,000 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, साथ ही देश के विभिन्न राज्यों में फैले 350 से अधिक स्थानीय ग्रुप मिलकर नदी, तालाब, कुएं, बावड़ी आदि जलस्त्रोतों की सफाई व जल संरक्षण के लिए कार्य करेंगे। इसके साथ ही, बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध/चित्रकला/पर्यावरण प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पॉलीथिन के उपयोग को रोकने बाबत दुकानदारों व ग्राहकों को जागरूक करने हेतु उन्हें कपड़े व कागज के थैले वितरित किए जाएंगे। इस अभियान की विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्री नितिन जैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से साझा की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 5 जून से 5 जुलाई तक चलेगा और इसका उद्देश्य समाज को पर्यावरण एवं जल के प्रति जागरूक करना है।

## नाट्य कला, संगीत व नृत्य की कई विधाओं पर एक्सपर्ट ने सिखाई बारीकियां





**रायपुर।** सद्गुरु कबीर दर्शन केन्द्र शोध एवं सेवा संस्थान में बच्चों में कला-संस्कृति के प्रति रूचि जगाने प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसका कल समापन हुआ। इस शिविर में प्रतिदिन बच्चों को नाट्य कला, संगीत, नृत्य के एक्सपर्ट द्वारा इन सभी विधाओं की बारीकियां सिखाई गई। समापन अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न कलाओं में प्रशिक्षण प्राप्त धमाकेदार प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम में समाजसेवी सेवक राम वर्मा और वरिष्ठ कला प्रशिक्षक अनिता उपाध्याय और महन्त वल्लभ दास विशेष रुप से उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत सद्गुरु कबीर की आरती के साथ हुई। अतिथियों का सम्मान कबीर शोध - साहित्य भेंट कर किया गया।

#### प्रशिक्षक हुए सम्मानित

इस दौरान नाट्य विधा के विशेषज्ञ प्रशिक्षक मणिमय मुखर्जी, विभाष उपाध्याय, पी पी विश्वास, प्रदीप चटर्जी, सारथी चक्रवर्ती, संगीत प्रशिक्षक बरुण चक्रवर्ती, गौतमी चक्रवर्ती, समीर चक्रवर्ती, बी डी आमोस, पार्थो चक्रवर्ती, साई चक्रवर्ती, ताल एवं तंतु प्रशिक्षक साई चक्रवर्ती, ढोलक संगीतकार संतोष निषाद, नृत्य प्रशिक्षक बाली, ड्राइंग पेंटिंग अखिलेश वर्मा, मूर्तिकला अंकुश देवांगन, प्रबन्धक सेवा के लिए कंवल दास मानिकपुरी, विमल दास मानिकपुरी और संस्कृति वर्मा को उत्कृष्ट उद्घोषणा के लिए स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## उम्र हुई 65 अंतिम बार किया रक्तदान अब तक 44 लीटर से अधिक ब्लड डोनेट




**रायपुर।** सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में रक्तदान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित डॉ. अरविन्द नेरल ने अपने 65वें जन्मदिन के अवसर पर जिंदगी का अंतिम रक्तदान किया। पैथोलॉजिस्ट होने के नाते रक्तदान की आवश्यकता, महत्व और तकनीकी पहलुओं के जानकार डॉ. नेरल का यह 126वां रक्तदान था। चिकित्सा दिशा-निर्देशों के अनुसार 65 वर्ष की उम्र के बाद रक्तदान नहीं कर सकते हैं। एक यूनिट रक्तदान में 350 मि.ली. के हिसाब से डॉक्टर ने अब तक 44 लीटर से अधिक रक्तदान किया है।

#### पुस्तक के माध्यम से रक्तदान के महत्व को बताया

डॉ. अरविन्द नेरल स्वयं एक नियमित रक्तदाता होने के साथ ही अन्य संभावित रक्तदाताओं और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के विभिन्न प्रयास करते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में उनके द्वारा लिखित पुस्तक 'तुम मुझे खून दो' उल्लेखनीय हैं, जिसमें रक्तदान से सम्बन्धित सभी वैज्ञानिक पहलुओं को सरल शब्दों में संकलित किया गया है। उन्होंने रक्तदान प्रोत्साहन के लिए समाचार पत्रों, पत्रिकाओं में कई लेख लिखे हैं। साथ ही आकाशवाणी व दूरदर्शन से भी जानकारी प्रसारित करने का प्रयास किया है। इस सम्बन्ध में महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों में कई बार व्याख्यान और सेमीनार आयोजित किया गया है।

परिणाम के बाद एनआईटी, ट्रिपलआईटी में दाखिले के लिए शुरू हुआ जोसा काउंसलिंग

## जेईई एडवांस कटऑफ सभी कैटेगिरी में गिरी, इस बार भी स्टूडेंट्स की पसंद सीएस ब्रांच, बढ़ेगी स्पर्धा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जेईई-एडवांस्ड परीक्षा परिणाम के बाद अब देशभर में छात्र अपने मनचाहे आईआईटी में दाखिला लेना पसंद करेंगे। इस वर्ष 1 लाख 80 हजार 422 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 54 हजार 378 स्टूडेंट्स को काउंसिलिंग के लिए योग्य घोषित किया गया है। इन काउंसिलिंग क्वालीफाई स्टूडेंट्स में 44 हजार 974 लड़के एवं 9 हजार 404 लड़कियां शामिल हैं। कुल क्वालिफाई 54 हजार 378 विद्यार्थियों में से 17 हजार 511 सामान्य श्रेणी के, 12800 ओबीसी, 6500 ईडब्ल्यूएस, 12528 एससी और 5017 एसटी कैटेगिरी के विद्यार्थी हैं। गत वर्ष 48 हजार 400 स्टूडेंट्स को क्वालीफाई किया गया था।

'जेईई एडवांस्ड 2025 की कट ऑफ पिछले वर्ष 2024 की तुलना में 10 प्रतिशत अंक कम रही है। इस वर्ष सामान्य श्रेणी के औसतन 20.56 (74 अंक) एवं विषयवार औसतन 5.83 (7 अंक), ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस की औसतन 18.50 प्रतिशत (66 अंक), विषयवार औसतन 5.25 प्रतिशत (6 अंक), एससी-एसटी औसतन 10.28 प्रतिशत (37 अंक) एवं विषयवार औसतन 2.92 प्रतिशत (3 अंक) कट ऑफ रही। जबकि गत वर्ष सामान्य श्रेणी की औसतन 30.34 प्रतिशत (109 अंक) एवं विषयवार 8.68 प्रतिशत (10 अंक) थी।'




#### जेईई-एडवांस्ड में बेहतर रैंक से पीछे होने पर भी विकल्प

एलन सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि जेईई-एडवांस्ड के रिजल्ट के बाद अब विद्यार्थियों और अभिभावकों में सबसे बड़ी उत्सुकता कॉलेज और ब्रांच का चयन करना है। हर विद्यार्थी बेहतर आईआईटी के साथ मनपसंद ब्रांच चाहता है। ऐसे विद्यार्थी जो जेईई-एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक से काफी पीछे है, उन्हें जेईई-एडवांस्ड के आधार पर आईआईपीई विशाखापट्टनम, राजीव गांधी पेट्रोलियम, आईआईएसईआर, आईआईएसटी में आवेदन के विकल्प उपलब्ध हैं। इन सभी संस्थानों की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

#### ऑल इंडिया रैंक के अनुसार ब्रांच का चयन

- ऐसे विद्यार्थी जिनकी ऑल इंडिया रैंक अण्डर-100 हैं, उन्हें टॉप आईआईटी बॉम्बे, दिल्ली, कानपुर, मद्रास में कम्प्यूटर साइंस मिलने की संभावना है। इसमें विद्यार्थियों की पहली पसंद आईआईटी मुंबई ब्रांच रहता है, जो कि टॉप-61 तक सीमित है। इसमें प्रत्येक विद्यार्थियों का चयन रैंक के अनुसार होगा, इसे रैंक के अनुसार समझने का प्रयास करते हैं।
- ऑल इंडिया रैंक 100 से 500 - आईआईटी दिल्ली, कानपुर, खड़गपुर में एमएनसी, एआई, डाटा साइंस,इलेक्ट्रीकल और सीएस मिल सकता है।
- ऑल इंडिया रैंक 500 से 1000- बीएचयू, रुड़की, हैदराबाद, गुवाहाटी में सीएस ब्रांच मिलने की संभावना है। वहीं, मुम्बई, दिल्ली, कानपुर की कोर ब्रांच भी छात्रों को मिल सकता है।
- ऑल इंडिया रैंक 1000 से 4000- गांधी नगर, इंदौर, रूपड़, मंडी, जोधपुर, धनबाद, पटना, भुवनेश्वर में कम्प्यूटर साइंस एवं मुम्बई, दिल्ली, कानपुर, खड़गपुर आईआईटी में कम्प्यूटर साइंस के अतिरिक्त अन्य ब्रांच जैसे मैकेनिकल, कैमिकल, सिविल, एयरोस्पेस, प्रोडक्शन मिलने की संभावना रहती है।
- ऑल इंडिया रैंक 4000-8000- रुड़की, गुवाहाटी, खड़गपुर, हैदराबाद, वाराणसी में सिविल, कैमिकल, मेटलर्जी एवं मुम्बई, दिल्ली, कानपुर, मद्रास में लोअर ब्रांचेज, पलक्कड़, तिरुपति, गोवा, धाड़वाड़, भिलाई, जम्मू में सीएस मिलने की संभावना है।
- ऑल इंडिया रैंक 8000 से 12000- रोपड़, मंडी, इंदौर, गांधीनगर, जोधपुर, भुवनेश्वर, पटना, धनबाद में कोर ब्रांच के अलावा, पुराने सात आईआईटी में बॉयलोजिकल साइंस, नेवल आर्किटेक्चर, माइनिंग इंजीनियरिंग, पॉलीमर साइंस, सिरेमिक इंजीनियरिंग जैसे ब्रांच मिल सकते हैं।
- ऑल इंडिया रैंक 12 हजार से 17 हजार- नई आईआईटी जैसे पलक्कड़, तिरुपति, गोवा, धाड़वाड़, भिलाई, जम्मू में मुख्य ब्रांच के अलावा मिल सकता है।

धर्म लाइव

## मां धूमावती जयंती पर सिद्धपीठ में पूजा-अर्चना



**रायपुर।** पुरानी बस्ती में शीतला माता मंदिर चौक मां धूमावती सिद्धपीठ में मंगलवार की शाम पांच बजे से लोग मां धूमावती जयंती का हिस्सा बनने के लिए पहुंचने लगे थे। इस शुभ अवसर पर शाम साढ़े 6 बजे से पूजा-अर्चना और हवन, अनुष्ठान, महायज्ञ शुरू हुआ। इससे पहले मां धूमावती को समोसा, कचौड़ी के साथ आलूगुडा, मिर्ची भजिया, मुंगोडी, गुलगुला एवं स्वेत नैवेध का भोग अर्पित किया गया। एक वर्षीय अखंड ज्योति कलश की स्थापना की गई। आत्म कल्याण निमित्त पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी द्वारा हवन पूजन किया गया। औषधियुक्त हवन और आहुतियों के चलते भक्तिमय माहौल रहा। इसमें क्षेत्र के लोग भी शामिल हुए।

### सफलता के लिए पूजा की गई

इस अवसर पर धर्म प्रेमी मां धूमावती के साधक-आराधक-उपासक भक्तगण द्वारा मांगलिक दोष, काल सर्प दोष, नवग्रह कुप्रभाव, शत्रु बाधा, ऋण मुक्ति, गंभीर संकट, कलह, दरिद्रता, असाध्य रोग जैसे समस्त समस्याओं के निवारण एवं सफलता के लिए पूजा की गई। स्थायित्व, समृध्दि सौभाग्य, शत्रु-मित्रता, संतान प्राप्ति इत्यादि मनवांछित फल, मनोकामना पूर्ति एवं आत्म कल्याण के लिए मां धूमावती को अष्टगंध, श्वेत पुष्प, धूप, दीप, श्वेत नैवैध अर्पित करते हुए काले तिल को काले कपड़े में बांधकर सर्व समस्या निवारण के निमित्त विधान किया। मन वांछित फल प्राप्ति एवं मनोकामना पूर्ति के लिए कपूर की आरती व प्रार्थना करते हुए मां धूमावती को भेंट करने श्रद्धालु पहुंचे।

● बढ़ती महंगाई के बीच समाज और परिवारों को आर्थिक बोझ से बचाने सरोकार बढ़ाने कर रहे हैं पहल

# प्री-वेंडिंग, डीजे जैसे महंगे खर्च को कंट्रोल कर अब दहेज से बचाने समाज को दे रहे विकल्प

'तेजी से बदलते समय के साथ कई कुरीतियों ने भी समाज में प्रवेश करने के साथ ही आर्थिक बोझ भी बढ़ाने लगा है। इससे सामाजिक ताने-बाने को कमजोर होने से बचाने के लिए अलग-अलग समाज द्वारा प्राथमिकता से उन्हें रोकने का निर्णय लेते हुए कई मामलों में विकल्प भी दे रहे हैं।

**रायपुर।** दहेज का विकल्प भी राशि को एफडी करवाने तो शांति भोज के नाम पर किए जाने वाले तामझाम को भी स्वेच्छिक किया जाने लगा है। इतना ही नहीं, प्री-वेंडिंग और डीजे को भी प्रतिबंधित करते हुए मनमाने खर्च पर विराम लगाने का प्रयास भी समाज प्रमुखों की पहल से किया जा रहा है।' दहेज लेन-देन और तेरही के तामझाम से समाज के परिवार पर बढ़ते आर्थिक बोझ से बचाने के लिए अब सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने अहम निर्णय लिए हैं। अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला ने बताया, दहेज की राशि को वर-वधू के ज्वाइंट खाते में एफडी करने का विकल्प दिया है। मृत्यु भोज का खर्च बचाने व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को शांति भोज के लिए तुलसी भवन को निःशुल्क देने का प्रावधान किया। इससे पहले समाज से यह सुविधा नहीं मिलती थी। विधवा-विधुर विवाह कराते हुए फिर गृहस्थी शुरू करने में समाज सहयोग की भावना से विवाह भी करवा रहा है। विधि-विधान से जनेऊ संस्कार करवाने का खर्च बचाने अब निःशुल्क उपनयन संस्कार करवाते हैं। पहले लोग इस संस्कार के लिए लाखों रुपए खर्च करते थे।





### पांच बच्चों को भोज करवाने का प्रावधान

कम उम्र में बढ़ते मौत के आंकड़ों को देखते हुए विधवा-विधुर विवाह की यादव वर्ग में करने की छूट को प्राथमिकता दिया गया है, ताकि अलग-अलग वर्ग में बंटे समाज को जोड़ा जा सके। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष माधव यादव ने बताया कि समाज में किसी की मृत्यु होने पर परिवार को मृत्यु संस्कार सामग्री उपलब्ध करवाने की पहल जारी है। इसे परिवार के लोग भी वापस कर देते हैं। मृत्यु भोज की बाध्यता को खत्म करके उसे स्वेच्छित किया गया है। विकल्प के रूप में 5 बच्चों को भोज करवाते हुए नियम कर सकते हैं। दहेज की बाध्यता समाज में पहले से नहीं रही है।

### समाज करवा रहा विधवा-विधुर विवाह

इसी तरह प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ ने भी सरोकार को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक तौर पर बदलाव किया है। समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोहर देवांगन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन के मार्गदर्शन में समाज की नियमावली का प्रकाशन हुआ है। मृत्यु भोज की पुरानी व्यवस्था की जगह अब संबंधित परिवार की स्थिति पर छोड़ दिया है। प्री-वेंडिंग को खत्म करने का प्रयास किया गया, लेकिन सहमति नहीं बनी। विधवा-विधुर विवाह के लिए तीन साल पहले सामाजिक स्तर पर प्रयास शुरू किया गया है। परिचय सम्मेलन में तय होने वाले जोड़ों को आदर्श विवाह से जोड़ने का प्रयास किया जाता है।



### प्री-वेंडिंग जैसी कुरीति से बचाने निर्णय

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज से लाखों परिवार जुड़े हैं। समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने बताया कि करीब 10 साल पहले और अब, समाज को सरोकार से जोड़ने कई बदलाव किए गए हैं। इसमें प्री-वेंडिंग के बढ़ते चलन को कम करने और वैवाहिक समारोह में प्रवेश कर रही कुरीति को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है। विधवा-विधुर विवाह करवाने के साथ ही, शांति भोज में कलेवा के रूप में व्यंजनों को परोसने पर रोक लगाते हुए सामान्य भोज की व्यवस्था शुरू की गई। शादी में डीजे का खर्च और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए डीजे के प्रयोग को प्रतिबंधित किया है। इस तरह का निर्णय खत्म होते गड़वा बाजा के दौर को फिर से समाज में स्थापित करने के लिए लिया है।

## सेना के शौर्य से सजी दीवारें, म्यूरल आर्ट के जरिए दिखा देशभक्ति का रंग

**रायपुर।** मोतीबाग रोड, डीकेएस हास्पिटल स्थित राज्य व जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय भवन की दीवारें देश के जवानों के राष्ट्रभक्ति के रंग से रंग गया है। युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने व उनमें देशभक्ति की जोश का संचार करने के उद्देश्य से राज्य व जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय भवन की दीवारों पर देश के तीनों सेनाओं के शौर्य को जवानों, उनके युद्धपोत, हथियार, लड़ाकू विमानों के साथ म्यूरल आर्ट्स पेंटिंग से प्रदर्शित किया गया है। इसमें आर्मी के जवानों द्वारा कारगिल विजय के दृश्य को भवन के प्रवेश द्वार से लगे भवन के फ्रंट दीवार पर उकेरा गया है। इस चित्र में आर्मी के एक जवान कारगिल युद्ध विजय के बाद पहाड़ों के ऊपर सरहद पर तिरंगा फहराते व सैल्यूट करते दिखाया गया है। इसके अलावा नौसेना के सबमरीन युद्धपोत, वायु सेना का उड़ान भरता हुआ फाइटर प्लेन, सेना फ्लैग, मेडल्स को बड़ी खूबसूरती के साथ म्यूरल आर्ट्स चित्रकारी विद्या से कलाकारों ने जीवंत किया है। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन एके शर्मा, भारतीय नौसेना सेवानिवृत्त ने बताया कि राज्य व जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय भवन की खाली दीवारों को स्मार्ट सिटी के सहयोग से सिटी के म्यूरल आर्ट्स कलाकारों के द्वारा आर्मी सेना, नौसेना, वायु सेना के युद्ध के दौरान के विशेष दृश्यों, इन सेना के जवानों, युद्ध विमान, हथियारों, मूवमेंट आदि की झलक म्यूरल आर्ट पेंटिंग से भवन के दीवारों पर दर्शाया गया है।



### कल होगा म्यूरल आर्ट्स से बने चित्रों का अनावरण

*राज्य व जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय भवन के संबंधित अधिकारियों ने बताया कि कार्यालय भवन के दीवारों पर म्यूरल आर्ट्स से उकेरी गई, देश के तीनों सेना के शौर्य प्रदर्शन की चित्रों का अनावरण 5 जून को सुबह 9 बजे राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया जाएगा।*

### डेढ़ महीने में म्यूरल आर्ट्स के कलाकारों ने उकेरा





राज्य व जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय भवन के दीवारों पर म्यूरल आर्ट्स करने वाले कलाकारों ने बताया कि भवन के करीब 19 सौ स्क्वायर फीट के एरिया में आर्मी सेना, नौसेना, वायु सेना के युद्ध के दौरान के विशेष दृश्यों, इन सेना के जवानों, युद्ध विमान, हथियारों, मूवमेंट आदि की झलक उकेरने में करीब डेढ़ महीने का समय लगा है। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत शहर के 20 म्यूरल आर्ट कलाकारों का ग्रुप है, जो शहर के सरकारी, निजी भवनों, ओवरब्रिज की दीवारों पर आकर्षक थीम बेस्ड पेंटिंग कर जागरूकता व स्वच्छता के उद्देश्य से चित्रकारी करते हैं।

## गीता सिर्फ धर्मशास्त्र नहीं, वरन जीवन जीने की कला

**रायपुर।** जीवन एक संघर्ष है, जिसमें व्यक्ति को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जो लोग चुनौती के वक्त सही निर्णय ले पाते हैं, उनके लिए सफलता के द्वार खुल जाते हैं। लेकिन, जो लोग दुविधाओं में घिरे होते हैं, वे असफल रह जाते हैं। यह कहना ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी का है, जिन्होंने गीता ज्ञान महोत्सव के दौरान लोगों को संबोधित किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय गीता ज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह आयोजन विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में किया गया।



### जीवन में तनाव, हताशा और निराशा होने पर गीता सुनें

जिस व्यक्ति के जीवन में तनाव, हताशा और निराशा है, वह इनसे बाहर निकलने के लिए गीता पढ़ना शुरू करें। गीता सिर्फ धर्मशास्त्र नहीं है, वरन जीवन जीने की कला है। इसलिए इसे मृत्यु के लिए नहीं, अपितु जीने के लिए सुनने की जरूरत है। अगर, युवावस्था में गीता सुनेंगे तो बुढ़ापा मुश्किल नहीं रहेगा। बचपन में सुनेंगे तो जीवन सुनहरा हो जाएगा। गीता पढ़ते समय मन में प्रश्न उठता था, कि यह श्रेष्ठ ज्ञान क्या अर्जुन के लिए था? नहीं, यह ज्ञान सारी मानव जाति के लिए है।

### मनुष्य भाग्यशाली है जिन्हें मानव जीवन मिला


ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता ज्ञान भारत को दिया। हम सब कितने भाग्यशाली हैं जो कि इस महान देश में हमारा जन्म हुआ है। गीता को सिर्फ सुनना नहीं है, बल्कि उसे समझना और धारण करना है। तीन दिवसीय महोत्सव में जीवन को खुशहाल बनाने का ज्ञान दिया जाएगा। अर्जुन के मन में जो व्याकुलता और दुविधा थी, वह भगवान की बातों को सुनकर दूर हो गई। भगवान ने बतलाया कि तुम इस शरीर को चलाने वाला केवल चैतन्य आत्मा हो। आत्मा अविनाशी है, जिसका विनाश संभव नहीं है। ईश्वर ने करोड़ों रुपए का शरीर मनुष्यों को उपहार में दिया है। दुर्घटना होने पर लाखों-करोड़ों का खर्च एक शरीर के अंग को ठीक करने में लग जाता है। लेकिन, शरीर बिना आत्मा के किसी मूल्य की नहीं है।




## गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर राहगीरों को बांटा शरबत



**रायपुर।** रामगढ़िया सेवक सभा और महिला विंग द्वारा शहीद स्मारक ऑडिटोरियम, बॉम्बे मार्केट के पास स्थित जी.ई. रोड पर धन-धन श्री गुरु अर्जन देव जी के पावन शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरूप एक छबील सेवा का आयोजन किया गया। इस मौके पर राहगीरों को ठंडा, मीठा शरबत वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु साहिब की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना और सेवा भावना को जागृत करना रहा। सभी वर्गों के लोगों ने इस सेवा कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानवता की सेवा में एकजुटता दिखाई। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि था, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और एकता का संदेश भी प्रसारित करता है।
















52 years
माहेश्वरी युवा मंडल, रायपुर
|| जय महेश ||
माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस
महेश नवमी
पर समस्त माहेश्वरी बन्धुओं एवं नगर वासियों को
माहेश्वरी युवा मंडल, रायपुर की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं...
अध्यक्ष रोमिल राठी
सचिव परेश भट्टड़
अध्यक्षा विद्या काबरा
सचिव विद्या चांड़क
एच.डी.एन. परिसर, शास्त्री चौक, में शरबत एवं भंडरा का आयोजन किया गया है। समय प्रातः 11 बजे से
कमल किशोर सारडा
श्याम सुंदर बजाज
छगन मुंदडा
डॉ. अशोक भट्टड
नारायण राठी
सुरेश मुंदडा
अजय राठी
मनीष सोमानी
पंकज लाहोटी
निलेश मुंदड़ा
राजेश तापड़िया
आलोक बागडी
सी.ए. मनोज राठी
अजय सारडा
गोकुल दास डागा
गोपी दास बागडी
विनोद महेश्वरी
बसंत तापड़िया
नंदलाल मोहता
दैवीलाल चांडक
बद्रीनारायण भूतडा
विजय लखोटिया
नंदकिशोर बागडी
डॉ. सतीश राठी
संपत काबरा
कमल किशोर राठी
मनमोहन मुंदड़ा
श्याम सुंदर चांडक
शंकर मोहता
डॉ. रवि राठी
अनिल लखोटिया
दीपक डागा
संदीप भावना मरदा
शैलेन्द करवा
सतीश लखोटिया
रमेश राठी
राजकुमार चांडक
नवल डागा
भुपेन्द करवा
गिरिराज बागड़ी
नवरतन महेश्वरी
मनोज तापड़िया
विष्णु सारडा
कृष्णा लखोटिया
राजीव मुंदडा
मयूर राठी
जितेश मोहता
सौरभ लखोटिया
द्वारका लखोटिया
रितेश मुंदडा
आदित्य मुंदडा
दीपक सोनी
विजय सोनी
मनोज राठी
नवीन बागड़ी
पंकज महेश्वरी
आशीष चांडक
श्याम गट्टानी
सी.ए. अमित राठी
वरुण महेश्वरी
वरुण नत्थानी
निखिल डागा
अतुल टावरी
अंशुल लखोटिया
प्रतीक लड्ढा
सी.ए. करण टावरी
विवेक नत्थानी
प्रपंन काबरा
तेजस राठी
अशोक मुंदडा
पंकज सोमानी
सी.ए. तुषार फाफट
कुंदन भट्टड
श्रेयांश राठी
शरद सारडा
ऋषभ चांडक
चंद्रकांत राठी
गिरिराज लखोटिया
शुभम सोमानी
गिरिराज महोता
हर्षित राठी
अंकुर बंग
नितेश भंडारी
पियुष महेश्वरी
लक्ष्य राठी
अंकित डागा
गौरव चांडक
वल्लभ चांडक
अर्पण बजाज
अंकुश लखोटिया
निता बजाज
निलिमा लढ्ढा
रेखा हुरकट
सविता केला
संगीता राठी
स्नेहा लखेटिया
जयश्री सोनी
निता गट्टानी
वर्षा मुंदडा
खुशबू चांडक
माहेश्वरी युवा मंडल, रायपुर. Whattsapp 998140818, Email: maheshwariyuvamandalraipur@gmail.com

